24-130

अप्सरा यक्षिणी रहस्य खंड

(सिद्धि सफलता विधान एवं गोपनीय साधना सूत्र)

**** निखिल परा विज्ञान शोध इकाई ****

मनोद्गार ....

तंत्र और सौंदर्य एक दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं साधक जैसे जैसे साधना जगत में प्रवेश करते जाता है,वैसे वैसे उसे साधना जगत की गूढता का भान भी होते जाता है | हाँ ये सत्य है की तंत्र मात्र दर्शन नहीं है,अपितु एक विचार धारा है जो साधक को सतत क्रियाशील होने के लिए प्रेरित करता है | और जब इस विचारधारा से प्रेरित होकर साधक क्रिया पद्धति का सहयोग लेता है ,तब वो ना सिर्फ विलक्षणता की प्राप्ति करता है अपितु ब्रह्मांडीय रहस्यों का भी उसे ज्ञान होने लग जाता है| सतत किये जाने वाले मंत्र जप उसके कर्म बंधनों को शिथिल करते जाते हैं और तब विभिन्न चक्रदलों को स्पर्श कर मन्त्र वर्ण दीप्त होते चले जाते ही हैं ,और उनकी दीप्तता साधक को भी दिव्यत्व की प्राप्ति करा देती है | जब बात आती है तंत्र में सफलता प्राप्त करने की तो ये कोई मिथ्या शास्त्र नहीं है,बल्कि विज्ञान की सीमाओं से पार ज्ञान का वो क्षेत्र है,जहाँ कुछ भी असंभव नहीं है|

ग्रन्थ विषय से मात्र परिचित कराने का कार्य करते हैं,सफलता प्रदान करने के रहस्य और आशीर्वाद के प्रदाता मात्र और मात्र गुरु ही हैं | हम जिन षट्कर्मों के बारे में अध्ययन करते हैं,मात्र उन्हें तंत्र की संज्ञा देना उचित नहीं है,अपितु तंत्र के पाँच पीठों यथा–

अरण्य पीठ

शुन्य पीठ

शमशान पीठ

शव पीठ

श्यामा पीठ

को सफलतापूर्वक पार कर लेने के बाद ही तंत्र का प्रवेशद्वार साधक के लिए खुलता है **साधना जीवन को पतित करने वाले जितने भी प्रकार के भय हैं,काम का भय उनमे सबसे खतरनाक है** | गतिमान साधना से उत्पन्न ऊर्जा को प्रकृति की नकारात्मक शक्तियां चुटकी में बाह्यगामी करवा देती हैं,ब्रह्मचर्य का खंडन होते ही खेल खत्म,कभी स्वप्नदोष के माध्यम से तो साधना काल में कामभाव की तीव्रता की वजह से बिंदु आसन पर ही स्खलित हो जाता है| पारद विज्ञान के मर्मज्ञ जानते हैं की शरीर में पारद और गंधक का क्रामण तभी संभव हो पाता है,जब वीर्य एक निश्चित काल तक स्खलित नहीं हो | विवाहित जीवन को जीने वाला व्यक्ति धीरे धीरे काम भाव का नियमन करना भी सीख जाता है| एक रसायन शास्त्री के रस कर्मों में सहयोग देने के लिए काकिनी अनिवार्य होती थी| तंत्र की उच्च साधनाओं में सफलता के लिए भैरवी की आवशयकता अनिवार्य होती हैं,जो साधक के लिए सदैव मातृरूपा होती हैं|

अप्सरा यक्षिणी जैसे तीक्ष्ण सौंदर्य शक्तियां साधकों के लिए भैरवी रूप में ही सहायक होती हैं जो की साधक को काम भाव का नियमन कर बिंदु की उर्ध्वगति कैसे करनी है,ये सिखाती हैं | इनका साहचर्य समस्य साधक को भी असामान्य सफलता दिला देता है| इनका स्पर्ष साधक की मलिनता का नाश कर उर्ध्वगामी भावनाओं का साधक में संचार करता है| और जब साधक उर्ध्वगामिता की कला युक्त हो जाता है,तो उसका बिंदु वीर्य से ओजस् के रूप में परिवर्तित हो जाता है तब साधक,वासना देह से उठकर मनोमय शरीर तक पंहुच जाता है | उच्चस्तरीय साधनाओं में सफलता प्राप्ति के स्वप्न साकार होने लगते हैं,और साधक मनुष्यत्व से देवत्व तक की यात्रा पूरी कर लेता है| ये साधक के लिए हानिप्रद होती हैं,इस भ्रान्ति को मिटाने के लिए ही इस लघु ग्रन्थ की रचना की गयी है |

अप्सरा यक्षिणी रहस्य खंड

इस ग्रन्थ के संकलन हेतु मैंनेउन लेखों और विचारों को एकत्र कियें हैं,जो की मेरे **प्राणाधार सदगुरुदेव** ने समय समय पर मुझे तथा अपने गृहस्थ और सन्यासी शिष्यों को प्रदान किये थे, और ये मुझ अकिंचन के ऊपर उनकी महती कृपा ही है की जिन्हें उन्होंने ये ज्ञान दिया था वे सभी बिना किसी स्वार्थ के इस ज्ञान को मुझे देने को तत्पर भी हो गए| **बाबा जी,सौंदर्या माँ,स्वामी प्रज्ञानंद जी, काली दत्त शर्मा जी,पंचमी माँ,भैरवी माँ,धूर्जटा माँ,बंगाली माँ,शिवप्रिय स्वामी जी** और **स्वर्गीय अरुण कुमार शर्मा जी** का मैं आभारी हूँ की उन्होंने इन तथ्यों को देनें में कोई कृपणता नहीं बरती और मेरी जिज्ञासा का तब तक समाधान करते गए,जब तक मैं पूरी तरह संतुष्ट नहीं हो गया| **अनुराग सिंह गौतम भाई**और मेरे अनुज **रघुनाथ निखिल** जी के सहयोग के बिना मेरा ये कार्य पूरा नहीं हो सकता था| मैं आभारी हूँ मेरे भाइयों का जिनके सतत परिश्रम के कारण ये ज्ञान एक अमूल्य कृति के रूप में आप सब के सामने है|

हमने इस लघु ग्रन्थ में बहुत सी साधनाएं नहीं दी हैं क्योंकि यक्षिणी अप्सरा की साधनाएं तंत्र के विभिन्न ग्रंथों में प्रचुरता से दी हुयी हैं| हमनें मात्र उन सूत्रों और विचारों का संकलन किया हैजो इस विषय में सफलता प्रदायक हैं और जिनका प्रयोग कर साधकों ने सफलता पायी है| मैं एक बार फिर से अपने सदगुरुदेव के चरणों में अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ की उनके आशीर्वाद से ही मुझे ये ज्ञान मिल पाया और मैं उनके श्री चरणों में प्रार्थना करता हूँ की मेरा ये परिश्रम मेरे भाई बहिनों और इस विषय के साधकों के लिए सफलता प्रदान करने वाला हो| आप सभी अपने विचारों से जरुर अवगत करायें|इसी आशा के साथ...

"निखिल प्रणाम"

सदैव से आपका ही

"आरिफ खान निखिल"

लेख - तालिका

1. अप्सरा यक्षिणी परिचय

2. संस्कारित और विशिष्ट संस्कारित माला प्रक्रिया

3. यन्त्र संस्कार प्रक्रिया

4. दुर्लभतम लघु अप्सरा साधना विधान

5. पूर्ण सौंदर्य प्राप्ति हेतु रम्भा अप्सरा प्रयोग

6. आकस्मिक धन प्राप्ति हेतु उर्वशी प्रयोग

7. तिलोत्तमा अप्सरा प्रत्यक्ष प्रयोग

8. अत्यंत दुर्लभतम जैन तंत्र पद्धति युक्त यक्षिणी साधना विधान

9. अप्सरा यक्षिणी साधना मे निश्चित सफलता प्राप्ति हेतु परम दुर्लभ गोपनीय रहस्य

10. पूर्ण यक्षिणी अप्सरा सायुज्ज्य षष्ठ मंडल

11. धनदा रति साधना रहस्य

12. मनोवांछित अप्सरा सिद्धि प्रयोग

13. यन्त्र चित्र

14. कठिन शब्द अर्थ

अप्सरा यक्षिणी परिचय ..

"सत्यम शिवम सुन्दरम" यह भारतीय संस्कृति का एक आधार भूत वाक्य मे से एक हैं.जीवन मे सौंदर्य तत्व को किसी भी तरह से नकारा नही जा सकता हैं,आज हम सब के जीवन से सौंदर्य तत्व कहीं खो सा गया हैं आज जिसको सौंदर्य के रूप मे परिभाषित किया जाता हैं या जिसे हम सौंदर्य शाली कहते हैं ,वह तो कितना सत्य हैं यह तो सभी जानते हैं . नकली सौंदर्य पदार्थो पर आधारित जिसे हम सौंदर्य कहते हैं वह तो किस आधार पर हैं यह भी सभी को भली भांती मालूम हैं पर जो भी आज समाज मे विसंगतियाँ पायी गयी हैं या आ रही हैं वह भूलभूत रूप से सौंदर्य तत्व को न समझना या उसको सही रूप से हमारे जीवन मे स्थान न मिलना या हम ही सौंदर्य को नही समझते हैं यही कुछ मुख्य कारण होते हैं

जितनी भी परिभाषाएं मुख्यता सौंदर्य को लेकर होती हैं उनके मूल मे कोई न कोई आकृति होना चहिये क्योंकि बिना कोई आकार के कैसे सामान्य व्यक्ति इन बातों को समझ सकेगा .दिव्य सुन्दरी या दिव्यता मे समाया सौंदर्य क्या हैं वह तो उच्च कोटि के योगियों को ही ज्ञात हैं पर सामान्य मानव को कोई न कोई प्रतीक चाहिये .इस हेतु नारी को ही सौंदर्य या उसके देह को ही सौंदर्य का प्रतीक माना गया हैं . इस कारण कवियों की कल्पना मे जिस नारी शरीर का वर्णन या महाकवि काली दास या अन्य कोई भी सौदर्य पर कविता लिखने वाले लेखक के मानस मे जो सौंदर्य होता हैं वह या उस जैसा पाया जाना आज तो संभव नही हैं.

निश्चय की जब बात नारी देह के सौंदर्य की होगी तो उसके वर्णन को श्लील या अश्लील रूप से देखा नही जा सकता हैं यह तो देखे जाने वाले व्यक्ति का भाव होता हैं .यह बात तो निश्चित हैं की जब भी अप्सरा या यक्षिणी का सौंदर्य की बात आएगी तो निश्चय ही उनके रूप को लेकर जो भी लिखा जाए और उसे साधक या साधिका किस रूप मे लेते हैं वह उनके मानस

,और उनकी विचार धारा पर कहीं जयादा निर्भर करता हैं .स्वामी आदि शंकराचार्य ने सौंदर्य लहरी मे भगवती माँ पार्वती और गोस्वामी तुलसी दास जी ने रामचरितमानस मे भगवती माँ सीता जो का जो भी रूप वर्णन किया हैं उसे हम सांसारिक रूप से किसी भी शब्दों या मानसिकता से नही बाँध सकते हैं .क्योंकि जब बात रूप और सौंदर्य को किसी से भी तुलना करने की होगी तो कुछ न कुछ प्रतीक तो लेने ही होंगे .साधक /साधिका जब भी किसी भी यक्षिणी अप्सरा के सौंदर्य की बात पढते हैं तो उन्हें अपना मानस इस हेतु स्पस्ट होना चाहियेन की किसी विकृत्ता की दृष्टी रखना चहिये ,जब बात सौंदर्य की हो जीवन के आवश्यक पुरुषार्थ-काम भाव की हो तो एक स्वस्थ दृष्टी साधक के पास होना ही चाहिये .

पर इन सौंदर्य की परिभाषा को पूर्णता देने के सक्षम अगर किसी का सौंदर्य हो सकता हैं तो वह अप्सरा,यक्षिणी , किन्नरी ,योगिनी आदि का कहा जा ता हैं ,पर इन सौदर्य की जीवित प्रतिमाओं कोजिनमे निश्छलता भी हैं, कैसे प्राप्त किया जाए . यह तो सबसे बड़ा प्रश्न हैं , व्यक्ति की दृष्टी मे शारीरिक सुख ही शायद सबसे बड़ा हो सकता हैं और इसे हेय दृष्टी से भी नही देखा जाना चहिये अगर यह नैतिक सामाजिक और प्रचलित कानूनी नियमों के अंतर्गत उच्क्ति हो .पर इसके अलावा भी सुख के प्रतिमान हो सकते हैं, हर सुख को केबल शरीर के धरातल मे ही नही देख जा सकता हैं.मित्र ,सखा , सखी, माँ बहिन के रूप मे भी जो स्नेह रूपी प्रेम रूपी सौंदर्य साधक या साधिका को प्राप्त होता हैं वह भी अपने आप मे विलक्षण होता हैं .हाँ यह सत्य हैं की साधक द्वारा इनको प्रेयसी के रूप मे सिद्ध करना कहीं ज्यादा आसान होता हैं और तंत्र ग्रन्थ इसका अनुमोदन भी करते हैं. क्योंकि प्रेयसी ही बिना आप से कुछ की भी बदले की इच्छा करे आपको प्रसन्न चित्त और आपके खुशी के लिए लिए सब कुछ कर सकती हैं.

इस लिए इनसे सबंधित साधनाए हमारे ग्रंथो मे प्रचुरता से लिखित हैं वर्णित हैं.वह इसलिए की काम तत्व की मर्यादा और उचितता साधक वर्ग समझे और इसको हेय न समझ कर उचित रूप के इसका उपभोग मर्यादित रूप से करते हुये जीवन मे चारों पुरुषार्थो को अनुभव करे और अपने जीवन को एक उच्च अर्थ दे.

उपनिषदो ने इस बात को स्पस्ट किया हैं की जब तक भोग भी पूर्ण न हुआ हो तब त्याग की बात कहाँ उचित हैं.एक अपूर्णता से पूर्णता कैसे बाहर निकल सकती हैं पूज्य पाद सुरुदेव जी ने अपनी एक रचना मे स्पस्ट किया की नर और नारी का स्वाभाव गत आकर्षण एक दूसरे के प्रति रहता ही हैं और यह युवावस्था मे कहीं और ज्यादा भी हो जाता हैं.तंत्र निरर्थक और जबरजस्ती संयम का विरोध मे हैं वह सारी क्रियाओं को स्वीकार करते हुयेउनके व्याप्त दिव्यता को लक्ष्य रखता हैं ,क्योंकि जब सारा जगत एक उसी दिव्य पूर्णता से उत्पन्न हैं तब दिव्यता कैसे न सभी पदार्थ मे होगी.

और आगे सदगुरुदेव समझाते हैं की जिस के पास अगर कुछ हैं तो उसे ही तो त्याग और संयम सिखाया समझाया जा सकता हैं .जिसके पास भोग ही न हो तो उसे कैसे संयम और अन्य इससे सबंधित बातें/क्रियाए सिखाया जाए या उनका क्या अर्थ होगा .

तब हम आज इस आधुनिकता मे पूर्णतः डूबे हुये अन्धकार युक्त युग मे कैसे निश्छलता, मधुर स्नेह , प्रेमपूर्ण वार्तालाप .माधुर्यता ,उत्साहता ,उमंगता आदि का अनुभव कर सकते हैं.क्योंकि जब इन तत्वों का हमें खुद ही अनुभव नही हैं, हमारे पास ये हैं कहाँ ? तब हम किसी दूसरे जो कैसे दे भी सकते हैं, तो इन्ही बातों को ध्यान मे रखते हुये तंत्र आचार्यों ने इन साधनाओ का का निर्माण किया ,ये उनकी उच्चप्रज्ञा का परिचायक हैं .अनेको ग्रंथो मे कुछ कुछ अप्सराओ और यक्षिणियो का विवरण मिलता हैं उन्ही मे से कुछ का सरल परिचय आप सभी के लिए.

जहाँ अप्सराये देव राज इन्द्र के आधीन हैं और रूप यौवन प्रधानता लिए हुये हैं नृत्य आदि क्रियाए मे पारंगतता लिए होती हैं वही दूसरी ओर यक्षिणी यक्षराज कुबेर के आधीन हैं स्वरुप मे अत्यधिक भोलापन और कामुकता का समावेश कहींज्यादा लिए हुये हैं .और साधक के जीवन को प्रचुर धन से युक्त कर देती हैं.

जहाँ अप्सरा अपने रूप माधुर्य से ,वहीँ यक्षिणी रूप यौवन के अतिरिक्त तंत्र आदि क्रियाओं मे भी साधक को दक्ष बना सकने मे समर्थ हैं .

अप्सरा ::::

तिल्लोतमा अप्सरा :इस अप्सरा का विवरण एक यौवन के उफनते हुये प्रवाह के रूप मे वर्णित किया गया हैं .शारीरिक सुडौलता और मोहक रूप राशि इस अप्सरा की विशेषता हैं ,यह अप्सरा सौंदर्य की जीवित प्रतिमान होती हैं अतः इनका शारीरिक विन्यास किसी भी तरह से कोई भी कमी लिए नही बल्कि इतनी पूर्णता लिए होता हैं की साधक यदि एक बार देख ले तो जीवन भर भूल ही नही सकता हैं और इस अप्सरा की साधना से भोग युक्तजीवन न केबल मिलता हैं बल्कि साधक उस को पूर्णता से साथ अपने जीवन मे पाता भी हैं.

धन प्रदाता अप्सरा :इस धन प्रदाता सुनयना अप्सरा वास्तव मे एक षोड्स वर्षीय अप्सरा या अनिद्य सुंदरी हैं,न केबल यह साधक के जीवन को भोग वह चाहे किसी भी प्रकार का हो से लेकर विभिन्न खाद्य पदार्थ भी ला कर और अनेको बहुमूल्य रत्न आदि भी लाकर साधक को देती हैं .यह वास्तव मे धन वैभव और कायकल्प देने वाली एक सौंदर्य का वह प्रवाह हैं जो साधक के जीवन की सभी न्युनताये दूर ही कर देता हैं और साधक के जीवन मे अपने मघुर्य और प्रेम से अद्भुत रसमयता उत्पन्न कर देती हैं

उर्वशी अप्सरा :इन्द्र के राज्य सभा की सर्वश्रेष्ठ सुंदरी जिनको उर वशी अर्थात ह्रदय मे वशी या उर्वशी के नाम से सबोधित किया हैं सौंदर्य का वह प्रतिमान हैं जो अपने आप मे अद्भुत हैं जिसकी कोई सानी ही नही ,जिसकी तुलना संभव ही नही और जो पल पल बदलते हुये नित नूतन सौंदर्य का एक प्रमाण हैं क्योंकि उत्तेजक देह का प्रस्तुतीकरण औरअधिक मादकता होने का नाम हैं उर्वशी ,जो अपने साधको को अपने रूप माधुर्य और नृत्य से इतना सराबोर करदेती हैं की साधक को ये लगता हैं की वह स्वयं इन्द्र के समान सुख भोग उठा रहा हैं.

मेनका अप्सरा : इसके रूप सौंदर्य की तो बात ही नही लिखी जा सकती हैं जिसने अपने छलछलाते यौवन से ,नृत्य से , रूप माधुर्य से विस्वामित्र जैसे महा योगियों की साधना /तपस्या मे भी व्यवधान उत्पन्न कर दिया उसके रूप राशि सौंदर्य और शारीरिक गठन को कैसे समझाया जा सकता हैं या शब्दों मे बांधा जा सकता हैं .जो अपने सिद्ध साधक को अपने सौदर्य राशि के समुद्र मे ,अपने माधुर्यता ,अपने द्वारा प्रदान किये जाने वाले भोग मे उसके जीवन को इतना परिपूर्ण कर देती हैं की उसका जीवन सभी दृष्टी से कायाकल्प से सभी से परिपूर्ण हो जाता हैं.

रुपो ज्ज्वला अप्सरा : इस अप्सरा का नाम ही सारी कहानी स्वयम ही स्पस्ट कर रहा हैं जिसके सौंदर्य मे उज्ज्वलता हो ..भला क्या बात हैं सामान्य मनुष्य अगर इसके सौंदर्य को देख ले तो निष्प्राण सा हो जाए और सामान्य क्या देवता तक इस अप्सरा के सौन्दय की उज्ज्वलता से निष्प्राण हो गए , जो साधक को भोग की एक ऐसी अनुपम सौंदर्य राशि देती हैं जिसका तो साधक स्वयम ही अनुभव कर सकते हैं .

मृगाक्षी अप्सरा.:अप्सरा वर्ग मे सबसे भोली और सुरति वर्ग की अप्सरा ,यूँ तो रति शब्द का अर्थ सभी समझते हैं पर उसमे जब " सु " शब्द लगा हुआ हो तो वह तो अपने आप मे एक ऐसा माधुर्य युक्त,स्नेह युक्त और अपने निश्छलता से साधक को सम्पूर्णता से अपने स्नेह मे आप्लावित कर दे उस सौंदर्य की साकार किताब का नाम हैं जिसके हर पृष्ठ पर मानो जीवन का सौंदर्य का अर्थ छुपा हो और साधक पढते पढते उसी मे खो जाए . अब नाम ही इसका सारा परिचय दे रहा हैं जो नयनो की मधुरता से नैयनों की मधुर भाषा से साधक को अपना बना ले, साधक को अपने स्नेह मे समां ले वह केबल यही ही कर सकती हैं

शाशिदेव्या अप्सरा :मित्रता क्या होती हैं शायद "मित्र "शब्द से .... इससे स्नेह भरा कोई शब्द हो ही नही सकता हैं यह किसी के साथ भी हो सकती हैं पिता पुत्र पुत्री भाई बहिन,माँ ,पत्नी क्योंकि मित्रता का सबंध सबसे मधुर होता हैं,इसे हमेशा शारीरिक धरातल पर ही नही देखाजाना चहिये क्योंकि पति और पत्नी के बीच भी मित्रता संभव हैं....आज अच्छे और योग्य मित्र मिलना संभव सा ही नही रहा, जो इस शब्द की परिभाषा मे खरे उतरे.यह अप्सरा न केबल साधक को भोग ,रूप अपना सौंदर्य प्रदान करती हैं वरन जीवन भर उसके लिए एक मित्र का क्या स्थान होता हैं यह साकार कर देती हैं ,साधक का जीवन इस मधुरता से भर जाता हैं की की जीवन मे तृप्ति उसे हर पल यूँ ही अनुभव होती हैं

नाभि दर्शना अप्सरा :नारी शरीर तो सौन्दय का एक अद्भुत प्रतिमान होता हैं,और उसकी साकार मूर्ति होती हैं यह नाभि दर्शना अप्सरा ,जिसका नाम ही अत्यंत ही उत्तेजक नाभि प्रदेश और कामुक जंघाओं कनिमंत्रणका साकार स्वरुप हैं हर अप्सरा सौंदर्य मे तो एक दूसरे से अतुलनीय होती हैं पर सभी का कुछ न कुछ स्वरुप कोई न कोई विशेषता लिए हुये होता हैं .क्योंकि सौंदर्य को किसी भी सीमा मे बंधा नही जा सकता हैं यह अप्सरा अपने नाम के अनुरूप यही विशेषता लिए हुयेसाधक को अपने यौवन रूप राशि और माधुर्यता से उसके जीवन मे छाई कमिया न्युनताये दूर कर उसे मानो इन्द्र के सान वैभवशाली और सुखमय बना देती हैं.

पुष्प देहा अप्सरा:अनेको कवियों लेखकों ने सौंदर्य की विभिन्न विशेषताये लिखी हैं, और सौंदर्य जहाँ सम्पूर्ण होगा वहां हर अंग प्रत्यंग की सौन्दर्यता अपने आप मे बेमिसाल होगी ,निश्चय ही नारी शरीर का सबसे आकर्षण युक्त भाग उसका वक्ष स्थल ही होता हैं ,और यह अप्सरा इन वक्ष स्थल के अद्भुत सौंदर्य का ही दुसरा नाम हैं.

रत्नमाला अप्सरा :यदि कोई अप्सरा साधक को अपने रूप से यौवन से प्रसन्नता देती हैं ,और साधक को पूर्ण पौरुषता भी प्रदान करती हैं, तो एक ही ऐसी अप्सरा हैं जो इनके साथ धन दृव्य और आभूषण से भी पूर्ण तृप्ति प्रदान करती हैं, जैसा इसका नाम वैसे ही अपने नाम के अनुरूप मणि मुक्ताये,विभिन्न मूल्यवान रत्न तो यह साधक को प्रदान करके साधक के जीवन को भोग विलास के साथ साथ धन की दृष्टी से भी पूर्णता प्रदान करदेती हैं .

यक्षिणी ::

शास्त्रों मे अनेको यक्षिणीयों का विवरण मिलता हैं .इनकी कुल कितनी संख्या हैं इस बारे मे विभिन्न तंत्र ग्रंथो मे भी विभिन्न मत हैं .कुछ ग्रथो मे मुख्यता आठ यक्षिणी मानी गयी हैं.सुरसुन्दरी,रतिप्रिया ,मनोहारिणी ,पद्मिनी ,कनाकावती ,महानटी ,कामेश्वरी ,अनुरागिनी यक्षिणी .

रतिप्रिया यक्षिणी :यह यक्षिणी प्रचुर भोग की भाव भूमि साधक साधिका के लिए प्रस्तुत करती हैं इसका नाम ही इस बात का परिचायक हैं की यह भोग सबंधो की एक उचित मर्यादित अवस्था साधक साधिका के जीवन मे लाती हैं ,साथ ही साथ साथ जिनका जीवन किसी भी कारण वश शारीरिक न्यूनता या उम्रगत कारणों से नीरसता युक्त हो गया हैं उसे पुनः रस युक्त उन्हें बना ही देती हैं.यह यक्षिणी मानो अपने को पूर्ण रूप से साधक साधिका को समर्पित कर देती हैं .तन मन के सम्पूर्ण रूप से, यौवन वान बनाने की साधना हैं .

कनकावती यक्षिणी : साधक के जीवन से दरिद्रता रूपी शत्रु का समूल नाश कर साधक को पूर्ण धनवान बनाना इस यक्षिणी का प्रमुख गुण हैं वहीँ स्वर्ण निर्माण की कुछ और बेहद महत्वपूर्ण क्रियाओं मे इस यक्षिणी का सिद्ध होना अति आवश्यक हैं ,इनकी साधना सात्विक मतलब मांत्रिक के साथ साथ तांत्रिक तरीके से भी की जा सकती हैं और वाम मार्गी विधियां भी प्राप्त हैं .यह तो निश्चित हैं की इस साधना से व्यक्ति स्वर्ण निर्माण और पारद विज्ञानं मे काफी उन्नति कर सकता हैं इस साधना के अनेको प्रभेद भी हैं जो सिर्फ योग्य अधिकारियों तक ही सीमित हैं .

सप्त यक्षिणी :कामेश्वरी, महामाया,सुरसुन्दरी,महाभया ,विलासिनी ,मनोहरा ,महेन्द्री .एक साथ इन सभी की साधना तो दुर्लभतम विधान युक्त हैं सदगुरुदेव जी ने एक समय सिर्फ इस साधना के बारे मे कुछ तथ्य दिए थे पर साधना का पूर्णविवरण तो उन्होंने भी पत्रिका मे नही दिया पर इस साधना को सम्पन्न करने पर कायाकल्प , तेजोमय सौंदर्य , वाक् सिद्धि , वशीकरण सिद्धि , अतुलित बल , विपुलित धन , अदृश्य सिद्धि .यह लाभ उन्होंने समझाए रहे .इसका मतलब यह वास्तव मे अपने आप मे एक दुर्लभतम साधना हैं जिसको करने के बाद कहाँ,कोई और इच्छा शेष रह जायेगी .

वट यक्षिणी : इस नाम से सभी पारद तंत्र के लोग भली भांती परिचित हैं एक ओर जहाँयह भोग विलास और अत्याधिक को लिए होती हैं वह ये तंत्र की कुछ अद्भुत क्रियाओं की अपने आप मे एक मात्र जानकार होती हैं,इसके माध्यम से साधक न केबल भोग विलास की पूर्णता बल्कि वह पारद तंत्र मे भी पूर्णता पा सकता हैं यह यक्षिणी तो साधक के लिएतंत्र जीवन का एक आधार ही हैं .महान रस सिद्ध नागार्जुन ने अनेको गुप्त रहस्य प्राप्त किये थे.

चंडिका यक्षिणी :आनंद प्रद और प्रचुर धन प्रदायकएक ऐसी यक्षिणी की साधना हैं जिसे सामान्य गृहस्थ और साधु दोनों यह साधना कर सकते हैं विदेश यात्रा , भोग विलास के साथ साधक को प्रबल यौवन भी प्रदान कर देती हैं .मतलब यह कायाकल्प और अचूक सौंदर्य युक्त होती हैं और यही गुण साधक मे रख देती हैं या उसे इनसे युक्त कर देती हैं

विशाला यक्षिणी :रूप सौंदर्य और भोग विलास के साथ यह यक्षिणी साधक के शरीर मे यदि कोई रोग होतो उसे भी पूर्णता के साथ दूर कर देती हैंयूँ तो सभी यक्षिणी अपने आप मे कायाकल्प का अद्भुत गुण लिए ही होती हैं,और साथ ही साथ तंत्र क्षेत्र के किसी न किसी एक भाग की आधिस्ठार्थी भी होती हैं .

स्वर्ण रेखा यक्षिणी :अपने नाम के अनुरूप यह यक्षिणी साधक को स्वर्ण आदि से परिपूर्णता देती हैं और साधक की शारीरिक न्युनताये दूर कर उसे पौरुषता और कायाकल्प भी कर देती हैं .स्वर्ण के सामान आभायुक्त यह यक्षिणी अपने रूप सौंदर्य मे किसी भी अन्य यक्षिणी को लजा सकती हैं .

होलिका यक्षिणी : इस यक्षिणी का रूप सौंदर्य तो अपने आप मे बेमिसाल हैं ,लाल रंग के वस्त्रों से आच्छादित यह यक्षिणी की साधना सिर्फ वर्ष मे एक दिन, वह भी प्रबल तंत्र की रात अर्थात होलिका दहन की रात मे ही सम्पन्न की जा सकती हैं .साधक को अपने अवर्णीय रूप से , क्योंकि इस यक्षिणी का स्वरुप तो अत्यंत ही विलासी हैं ,और साधक मे इतना अधिक काम भाव की ऊर्जा व्यापत होने लगती हैं की स्वतः ही साधक का कायाकल्प प्राम्भ हो जाता हैं .

धनदा रति यक्षिणी :इस साधना की महत्वता और प्रभाव के बारे मे अनेको ग्रंथो मे उल्लेखित हैं ,यह साधना अपने आप मे एक सामान्य यक्षिणी की नही बल्कि अपने आप मे भोग विलास रूप सौंदर्य , कायाकल्प और अनेको दुर्लभ तथ्य इस साधना के माध्यम से आसानी से प्राप्त की जा सकती हैं वही दूसरी ओर आध्यात्मिक जीवन मे उच्चता और अत्यंत तीव्र गति से उन्नति भी इस साधना का एक आवशययक भाग कहा जा सकता हैं इस साधना की उपयोगिता इसी बात से आंकी जा सकती हैं की पूज्य सदगुरुदेव जी ने एक पूरा शिविर इस साधना पर आयोजित किया था और इस साधनाके सन्दर्भ मे जो जो रहस्य उल्लेखित किये थे वह तो अन्यतम हैं अतः इस साधना को सिर्फ भोग विलास या रूप या काम भाव तक ही सीमित नही माना जा सकता .हाँ इस यक्षिणी का स्वरुप भी अन्य यक्षिणियों की भांति अपने आप मे निर्दोष और सौंदर्य शास्त्र की परिभाषा के अनुसार बेजोड हैं .

सुरसुन्दरी यक्षिणी :इस वर्ग की सभी विशेषताए लिए इस यक्षिणी का स्वरुप भी यक्षिणी वर्ग की अनुसार अपने आप मे एक प्रमाण हैं साधक को प्रसन्न हो कर यह मनोवांछित वरदान प्रदान करती हैं और यक्षिणी साधना को यदि शारीरिक सुख और सिर्फ काम के निम्नतम रूप तक ही सीमित नही करके देखा जाए तो साधक या साधिका को ये तन्त्र जगत मे एक उच्चता

,आध्यात्मिक जगत मे एक उच्च स्थान और तीव्र प्रगति कराने का आधार भी माना जा सकता साथ ही साथ , नृत्य और अन्य कलाओं मे व्यक्ति को स्वत ही निपुणता भी कहीं आसानी से प्राप्त हो सकती हैं .

इन साधनाओ के बारे मे जन सामान्य मे बहुत अधिक भ्रम की अवस्था हैं लोग भयभीत होते हैं इसके बारे मे,क्योंकि एक से एक भयावह विवरण .जिसमे कल्पना कहीं अधिक होती हैं आज बाज़ार मे उपस्थित हर ग्रन्थ मे मिल जायंगे .पूज्य सदगुरुदेव ने प्रथम बार सामान्यजन को इन साधनाओ के सत्य पक्ष से अबगत कराया .और उन्हें इन साधनाओ को करने के लिए प्रोत्साहित भी किया ,और इन साधनाओ से सबधित विशेष शिविर जैसे धनदा रति यक्षिणी साधना शिविर , स्वर्ण देहा अप्सरा साधना शिविर का भी आयोजन किया , जिसमे उन्होने कई कई उदाहरण दे कर यह स्पस्ट किया की इन साधनाओ को केबल अपनी वासना पूर्ति का माध्यम न समझे , न ही ये आपके घर परिवार या आपके वैवाहिक जीवन को किसी प्रकार का व्यवधान दे सकती हैं .बल्कि सत्य तो यह हैं की यह और उच्चता प्रदान कर ने मे समर्थ हैं .और इन तथ्यों को उन्होंने हर पत्रिका के अंक मे एक से एक अप्सरा और यक्षिणी विधान न केबल समझाए बल्कि मुक्त ह्रदय से इनके बरे मे तथ्य रखे , न केबल सात या आठ दिवसीय साधना शिविर बल्कि उन्होने एक एक दिवसीय साधना शिविर भी इन साधनाओ के आयोजित किये ,और आज भी यक्षिणी साधना और अप्सरा साधना के अनेको केसेट्स उपलब्ध हैं जिनमे उन्होंने अनेको तथ्यों समझाए और इन साधनाओ की उपयोगिता के बारे मे विस्तृत चर्चा की .

अब और क्या प्रमाण चाहिये सदगुरुदेव प्रदत्त हर साधना हर मंत्र तंत्र विधान यदि सदगुरुदेव के बताए हुये तथ्य को ध्यान मे रख कर किया जाए तो पूर्ण सफलता दायक हैं बल्कि किसी भी प्रकार की हानि की संभावना भी नही हैं.

सदगुरुदेव द्वारा स्पस्ट किये गए इन साधना सूत्रों, गोपनीय क्रियाओं , आवश्यक मुद्राये , अनिवार्य विधान और साधना रहस्य जो उन्होंने अपने सन्यासी शिष्य और शिष्याओ के सामने स्पस्ट किये , वह आज हमारे उन्ही वरिष्ठ गुरू भाई बहिनों के आशीर्वाद से आपके सामने इस एक दिवसीय सेमीनार मे जो यक्षिणी अप्सरा साधना के दुर्लभतम रहस्य पर आधारित हैं आपके सामने रखे जायेंगे, इनकी तथ्यों प्रमाणिकता पर क्या कहा जाए ...अगर आप एक शिष्य हैं एक साधक हैं, तो पुरे मनोयोग विश्वास , एकाग्रता , सदगुरुदेव चिंतन और पूर्ण समर्पण भाव रख कर करें..आपके प्रयास जितना गंभीर होंगे सफलता उतनी ही आपके करीब होगी क्योंकि यह तथ्य समझले की साधना मे सफलता सिद्धि पाना एक बहुत ही जटिल और गंभीर विषय हैं इसे कभी भी हलके मे नही लिया जाना चहिये . एक साधना की सिद्धि सारे जीवन को सजा संवार सकती हैं .इन बातों को आप गंभीरता से अपने जीवन मे स्थान दे और साधनारत हो ...

संस्कारित और विशिष्ट संस्कारित माला निर्माण प्रक्रिया

तंत्र हो या मंत्र साधना हर प्रक्रिया मे मंत्र जप के लिए कोई न कोई माध्यम तो चाहिये ही ,की किस तरह किये जा रहे मंत्र जप की गणना भी होती जाए .इस हेतु जो सर्वश्रेष्ठ उपाय हैं वह हैं मंत्र जप..जप माला की सहायता से किया जाए. यामल ग्रंथो मे यह लिखा हुआ हैं की बिना गिने या गिनती किये जाने वाले मंत्र कोराक्षस ग्रहण करते हैं .अक्षत ,हाथ के पोर ,पुष्प, मिटटी ,चन्दन के द्वारा भी मंत्र गिनना वर्जित बताया गया हैं .लाख, लाल चन्दन ,सिंदूर शुद्ध गोबर को मिलाकर उसकी गोलिया बना कर उपयोग मे ली जा सकती हैं .

तंत्र ग्रंथो मे विभिन्न प्रयोग के लिए विभिन्न मनको की माला का उपयोग होता हैं , कभी 51 तो कभी 31 पर अधिकांश प्रयोग और साधना में 108 मनको से युक्त माला का प्रयोग होता हैं. यह मालाये भी तरह तरह की ओर विचित्र विचित्र प्रकार की होती हैं , कहीं स्फटिक तो ,कहीं हकीक से लेकर सर्प अस्थिया और मानव हड्डियों तक से निर्मित्त होती हैं, यह तो हुयी निर्माण की बात .पर इस माला को क्या ऐसे ही उपयोग मे लाना हैं .?

नही

क्योंकि अभी यह असंस्कारित अवस्था मे हैं और असंस्कारित अवस्था वाली माला से किये जाने वाले जप से सम्बंधित देवता रुष्ट हो जाते हैं .पच्चीस दानो की माला मोक्ष दायिनी ,तीस दानो की धन प्रदायिनी ,चौदह दानो की मोक्ष दात्री कही जाती हैं .साधरणतः हर साधना मे किस तरह की माला का प्रयोग किया जाना हैं और उसके उपलब्ध ना होने पर कौन सी और माला का उपयोग किया जा सकता हैं ,यह दिया ही होता हैं . और जिस माला का प्रयोग बताया गया हैं उसी माला का प्रयोग किया जाना चाहिये .यह भी शास्त्र निर्देशित हैं की जप माला को किसी अन्य की दृष्टी मे नही आना देना चाहिये मतलब इसको छिपा कर ही मंत्र जप करे .

पर 108 ही मनको क्यों यूं तो सभी का एक विशेष अर्थ हैं हैं पर सदगुरुदेव ने कहा हैं की मानव शरीर में 7 चक्र नहीं बल्कि 108 चक्र होते हैं , और उन्होंने इस संदर्भ में विभिन्न उदाहरण भी दिए हैं साथ ही साथ इस हेतु एक बार एक विशिष्ट दीक्षा

108 चक्र जागरण दीक्षा भी उन्होंने प्रदान की थी, तो जब भी हम 108 मनको की माला से मंत्र जप करते हैं तब हर मनके के माध्यम से एक विशेष चक्र पर स्पंदन होता ही हैं फिर उसे हम महसूस चाहे या न चाहे करे .यही एक गोपनीय तथ्य हैं इन मनको का 108 होने का तभी तो 108 मनको वाली माला सर्वार्थ सिद्धि प्रदायक कही जाती हैं

और यह माला ही तो इस साधना की एक विशेष उपकरण हैं, सदगुरुदेव कहते हैं की की क्यों एक छोटी छोटी से बात पर अपने सदगुरुदेव पर भी निर्भर रहना ,उन्होंने ही तो अनेक बार माला और यंत्रो को प्राण प्रतिष्ठित करने की विधियाँ बताई , उस समय के अनेक साधक इस बात के प्रमाण हैं, और जब हम आगे बढ़ कर सिद्धाश्रम तक जाने की बात करते हैं और हम खुद एक सामान्य सी माला प्राण प्रतिष्ठित न कर पाए तो आप ही सोच सकते हैं हम हैं कहाँ, अतः इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए इस प्रक्रिया को आपके सामने रखा जा रहा हैं .

शास्त्रगत माला के भी प्रकार बताये गए हैं .

- वर्णमाला – अक्षर माला
- मणियों की माला – मनको की माला
- कर माला – अंगुली के पर्वो की सहायता से गिनना..माला

यहाँ तक और भी सूक्ष्म दृष्टी से देखनेपर वर्णमाला के भी दो भेद हैं शती माला, अष्टो त्तर शती माला माला , तंत्र ग्रन्थ उल्लेखित करते हैं की नित्य का जप ,कर माला से किया जा सकता हैं पर जो जप किसी भी कामना के साथ किया जाए उसे करमाला से नही करना चाहिये.तंत्र मर्मग्य और तंत्राचार्य इस बात से भली भांती परिचित हैं या रहे की यदि कभी कोई स्थान विशेष या परिस्थिति विशेष आन पड़े तो कर माला से भी जप किया जा सकता हैं . साधारण रूप मे रुद्राक्ष माला या गुरू माला का प्रयोग कर सकते हैं .शक्ति संगम तंत्र मे इस बात की पुष्टि की हैं.पर जिस साधना मे जिस माला का जो विवरण दिया जाता हैं साधक वर्ग को उसी माला का प्रयोग करना यथासंभव उचित होता हैं क्योंकि अनेको अति सूक्ष्म तत्वके कारण किसी किसी पदार्थ की माला का निर्णय किया जाता हैं , न केबल पदार्थ की महत्वता हैं बल्कि साधक किस महाविद्या की साधना कर रहा हैं उस पर भी बहुत निर्भर करता हैं .अनेक साधक रुद्राक्ष माला का प्रयोग शक्ति या देवी सबंधित मंत्रो मे करते हैं पर यह ध्यान मे रखना चाहिए की दिन मे रुद्राक्ष माला सेशक्ति मंत्र जप करने से साधक को अनेको अनिष्ट से सामना करना पड़ सकता हैं .

महाविद्याओ की साधना क्रम मे किस माला का प्रयोग किया जाना हैं यह भी एक सुनिश्चित किया हुआ हैं

- महाकाली महाविद्या साधना मे दन्त माला
- तारा महाविद्या साधना मे नरशंख माला
- छिनमस्ता साधना मे नर हड्डियों की माला
- त्रिपुरा साधना मे लाल चन्दन की माला
- भैरवी की साधना मे स्वयम्भू माला
- मातंगी साधना मे रत्ती की माला
- धूमावती साधना मे खर दन्त की माला
- बगलामुखी मे हल्दी की माला
- कमला साधना मे कमल गट्टे की माला
- भुवनेश्वरी साधना मे स्फटिक की माला

का विवरण तंत्र ग्रन्थ देते हैं .

इन मालाओ की महत्वता इसी बात से हैं की यदि कोई साधक महाशंख माला से मंत्र जप करता हैं तो यह माला अभीष्ट सिद्धि प्राप्त करने मे सहायक होती हैं .इसी तरह अगर किसी को भाग्यवश दन्त माला मिल जाए तो उसे समस्त सिद्धियाँ हस्तगत हो जाती हैं .अस्थि माला सदैव से शत्रु विनाशक कार्यों मे सर्वश्रेष्ठ मानी गयी हैंइस तरह माँ धुमावती मे जप मे प्रयुक्त खर दन्त की माला भी शत्रु को नष्ट करने मे सर्वश्रेष्ठ हैं.इसी तरह स्वयम्भू माला से साधक को सर्व सिद्धि प्राप्त होती हैं.

ध्यान रहे यहाँ हम माला निर्माण की प्रक्रिया नहीं बता रहे हैं वह एक और ही अलग विषय हैं .

प्रथम तरीका : ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठ की महत्वता से कौन नही परिचित हैं ,ये तो शक्ति तत्व के साक्षात् विग्रह हैं .इनसे एक अद्व्तीय उर्जा का प्रवाह तो अनादी काल से बना हुआ हैं अतः सर्वाधिक सरल तरीका तो यह हैं की आप किसी भी माला /मालाओं को किसी भी ज्योतिर्लिंग या शक्ति पीठ में उसके मुख्य विग्रह से स्पर्श करा ले, उनकी प्राण उर्जा से माला स्वतः हो प्राण प्रतिष्ठित हो जाती हैं .यह आसान तरीका हैं और एक बार मे कई कई माला भी इस तरीके से प्राण प्रतिष्ठित की जा सकती हैं .

द्वितीय तरीका : तंत्र के आदि गुरू भगवान रूद्र की महत्वता से सभी परिचित हैं और जब भी उनका अभिषेक किया जाता हैं ,तब यह दो प्रकार की प्रक्रिया की जाती हैं .प्रथम तो यह की यदि आप से रुद्राभिषेक करते बनता हैं तो आपके सामने किसी भी पात्र मे या आप के घर में किसी से या कोई पंडित द्वारा आपके घर में रुद्राभिषेक किया जा रहा हो उस समय काल में किसी भी पात्र में यह माला जिसे प्राण प्रतिष्ठित किया जाना हैं उसे रख दे , यह स्वत ही प्राण प्रतिष्ठित हो जाती हैं , रुद्राभिषेक की विधि आप गीता प्रेस की किताबों में पा सकते हैं .

तृतीय तरीका :गुरू तत्व की गरिमाँ और महिमा से तो सारा तंत्र जगत भरा हुआ हैं,और यह सारी प्रक्रिया सारा ज्ञान तो गुरू मुख से भी प्राप्त हुआ हैं.अगर तंत्र मे से गुरू शब्द एक तरफ कर दिया जाए तो फिर शेष बचेगा ही क्या.और गुरू तत्व जिनमे भी आपकी श्रद्धा , बिस्वास , हैं जो की एक योग्य हो जो शक्तिपात के आचार्य हो उनके संकल्प मात्र से या उनके हाथो के स्पर्श मात्र से भी यह प्रक्रिया सुगमता पूर्वक संपन्न हो जाती हैं .

चतुर्थ तरीका :कई बार यह भी संभव हैं की ऊपर बताये गए किसी भी तरीके को कर पाना किसी भी कारण से संभव न हो पा रहा हो .तो एक और प्रक्रिया तंत्र मर्मग्य सामने रखते हैं वह की माला को गंगा जल से स्नान कराये और निम्न मन्त्र उसी माला से 108 बार जप कर ले , यह भी एक सुगम तरीका हैं .

माले माले महामाले सर्व तत्त्व स्वरूपिणी |

चतुर्वर्गस्त्वयि न्यस्त स्तस्मंमे सिद्धिदा भव ||

शास्त्रीय प्रक्रिया :

पवित्रीकरण :अपने उलटे हाथ की हथेली मे थोडा सा जल लेकर निम्न मंत्र बोलते हुये जल अपने चारों ओर छिडके

ॐअपवित्र: पवित्रो वा सर्वास्थाम गतोऽपि वा |

य : स्मरेत पुण्डरीकाक्षं स: बाह्यआभ्यान्तर: शुचि ||

इसके बाद

आचमन : आंतरिक तत्वों की शुद्धि के लिए यह प्रक्रिया अत्यंत ही आवश्यक हैं सीधे हाँथ में जल ले कर चार बार यह मन्त्र पढ़ें . और उस अभिमंत्रित जल को स्वयम जल को पी ले.

ॐ आत्म तत्वं शोधयामि स्वाहा |

ॐ विद्या तत्वं शोधयामि स्वाहा |

ॐ ज्ञान तत्वं शोधयामि स्वाहा |

ॐ शिव तत्वं शोधयामि स्वाहा |

इसके बाद दिग बंधन का स्थान आता हैं .

दशो दिशाओ मे से विघ्न आपको आपकी साधना मे वाधा न डाले इसलिए .

ॐ अपसर्प यन्तु ये भूता ये भूता भूमि संस्थिता|

ये भूता विघ्नकर्तारस्ते नश्यन्तु शिवाग्या||

अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतो दिशम|

सर्वेषाम विरोधेन पुजाकर्म समारभे||

इसके बाद

अब सबसे पहले अपने सीधे हाथ मे जल लेकर संकल्प करे की" **मैं अमुक नाम,,मेरे पिता /पति का नाम अमुक हैं और अमुक स्थान की निवासी ,अमुक गोत्र उत्पन्न ,आज इस माला संस्कारित करने सदगुरुदेव आपके सामने यह प्रयोग सम्पन्न करने जा रहा /रही हूँ ,मुझे इस कार्य मे पूर्ण सफ्लता आप अपनी कृपा दृष्टी से प्रदान करें** "

इन संकल्प को लेने के बाद अपने सीधे हाथ की हथेली मे लिया जल को जमींन पर डाल दे.

इसके बाद भगवान गणेश पूजन करें पूरे भक्ति भाव से

सुमुखश्चेकदन्त , कपिलो गजकर्णक:|

लम्बोदरश्च विकटो विघ्न नाशो विनायकः |

,धुर्मकेतु गणाध्यक्षो भालचन्द्रो गजानन:

द्वादाशैतानी नामानी य :पठेस्चचछुणुयादपि||,

विद्यारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा|

संग्रामे रिपुसंकटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते||.

अब अपनी साधना का पूर्ण फल आपको प्राप्त हो .और आपकी साधना पूर्ण रूप से कवचित हो .इस हेतु **निखिलेश्वरानंद कवच का एक पाठ अवश्य करे.**

इसके बाद सदगुरुदेव से सबंधित किसी भी श्लोक या गुरू पूजन से सबंधित किसी भी श्लोक का उच्चारण करें.

गुरु ध्यान :

गुरुर्ब्रम्हा गुरुर्विष्णु: गुरुर्देवो महेश्वर: ,

गुरु साक्षात् पर ब्रम्ह तस्मै श्री गुरवे नमः ||

श्री गुरु चरणे भ्यो नमः ध्यान समर्पयामि|

इसके बाद पंचोपचार से सदगुरुदेव पूजन करें, पंचोपचार मतलब गंध पुष्प धूप दीप,नैवेद्य (भोग पदार्थ अर्पण).

पूजन :

श्री गुरु चरणे भ्यो नमः पाद्यं समर्पयामि |(श्री चरणों में जल समर्पित करे)

श्री गुरु चरणे भ्यो नमः अर्ध्य समर्पयामि ||(हांथों में जल समर्पित करे)

श्री गुरु चरणे भ्यो नमः कुंकुम तिलकं च समर्पयामि |(तिलक ओर अक्षत चढ़ाएं)

श्री गुरु चरणे भ्यो नमः धूपं दीपं दर्शयामि |(धुप और दीप जलाएं)

श्री गुरु चरणे भ्यो नमः नैवेद्यं निवेदयामि |(नैवेद्य प्रसाद चढ़ाएं)

इसके बाद एक गोल सुपाड़ी को भगवान भैरव का प्रतीक मान कर उसका सिंदूर आदि से पूजन करें

इसके बाद आप कम से कम एक माला गुरू मंत्र जप जरुर करे इसके बाद

निम्न वामदेव मन्त्र से चन्दन माला पर लगा यें

बलाय नमो बल प्रमथनाय नमः सर्व भूतदहनाय नमो मनोन्मथाय नमः ||

पीपल के नौ पत्ते को इस तरह से रखे की एक पत्ता बीच में और और अन्य पत्ते उसे केंद्र मानते हुए इस प्रकार रखे मानो एक अष्ट दल कमल सा बन जाये , बीच के पत्ते पर आप अपनी माला रख दे और हिंदी वर्ण माला से वर्ण ॐ अं से लेकर क्षं तक सभी का उच्चारण करते हुए उस माला को पंचगव्य से स्नान कराये. फिर सद्योजात मंत्र का उच्चारण करते हुए

ॐ सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमो नमः |

भवे भवे नाति भवे भवस्य माँ भवो द्वावाय नमः ||

धुपबत्ती अघोरमंत्र से दिखाए

ॐ अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यो घोर घोर तरेभ्यः सर्वेभ्य : सर्व सर्वेभ्यो नमस्ते अस्तु रुद्ररूपेभ्य :

फिर तत्पुरुष मंत्र से लेपन करे

ॐ तत्पुरुषाय विद्म्हे महादेवी धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात |

फिर इसके एक एक दाने पर एक बार या सौ सौ बार इशान मंत्र का जप करे

ॐ ईशानः सर्व विद्यानामिश्वर : सर्व भूतानां ब्रह्मा धिपतिरब्रह्मणो ऽ धिपतिर्ब्रह्मा शिवो में अस्तु सदाशिवो ऽ म |

देवता स्थापन :

अब बात आती हैं कि कैसे देवता की स्थापना की जाए तो यदि आप इस माला को शक्ति कार्यों में उपयोग करना चाहते हैं तो **"ह्रीं"** इस मंत्र के पहले लगा कर और लाल रंग के पुष्पों से इसका पूजन करें.

और वैष्णवों को निम्न मन्त्र का उपयोग करें

ॐ ऐं श्रीं अक्षमाला यै नमः ||

फिर हर वर्ण मतलब अं से लेकर क्षं तक लेकर इनसे संपुटितकरके १०८ /१०८ बार अपने इष्ट मन्त्र का उच्चारण करे .

फिर यह प्रार्थना करे

ॐ त्वं माले सर्वदेवानां सर्व सिद्धिप्रदा मता |

तें सत्येन में सिद्धिं देहि मातर्नामो ऽ स्तू ते ||

अब इस माला को हर के सामने दिखाए नहीं , इस का मतलब इस माला को आप जब भी जप कर रहे हो तब भी और अन्य समय भी अन्य किसी की नज़रों से बचाए .आपको जो भी विधि उचित लगे उसका उपयोग करके एक प्राण प्रतिष्ठित माला का निर्माण आप कर सकते हैं उसे साधना में प्रयोग करसकते हैं .
पर यह तो प्रकिया मणि माला को संस्कारित करने की हैं .

विशेष शक्ति युक्त तांत्रिक माला का निर्माण::

इस विशिष्ट माला के निर्माण के आपको इस विशिट मंत्र का जप करना हैं .

ॐ सर्व माला मणि माला सिद्धि प्रदात्रयि शक्ति रुपिंयै नमः|

योग्य साधक मंत्र जप पूर्ण होने के बाद पुनः सद्गुरुदेव पूजन और कम से कम एक माला गुरू मंत्र जप करते हैं और इसके बाद किये हुये जप को सदगुरुदेव जी के श्री चरण कमलों मे को समर्पित कर देना चाहिए.

ॐ गुह्याति गुह्य गोप्ता तवं गृहणास्मत्क्रतं जपं|

सिद्धिर्भवतु मे देव! त्वत प्रसादान्महेश्वर||

इस बात का ध्यान रहे की यह सभी विधिया अपने आप मे बेहद सटीक और दुर्लभ हैं इन सभी को करते समय , दिन और समय का बेहद ध्यान रखे ,और संभव हो तो सदगुरुदेव जी की प्रसिद्ध किताब ज्योतिष और काल निर्णय के अनुसार महेंद्र या अमृत काल का सदुपयोग करे तो कहीं और उचित परिणाम संभव होंगे ,साथ ही साथ यदि किसी कारण से कोई महूर्त न मिल पा रहा हो या जिस महूर्त की इच्छा हो उसके आने मे कुछ समय हो तो आप हर दिन मे दिन के ११.३० am से १२.३० pm तक के समय जो की अभिजीत महूर्त कहलाता हैं उसका प्रयोग करसकते हैं.

संस्कारित और प्राण प्रतिष्ठित माला का प्रयोग हमेशा किया जाना चाहिये और ,तंत्र की कुछ उच्च कोटि की साधना मे तो जिन मालाओ का निर्माण किया जाता हैं उनका पहले संस्कारित होना आवश्यक विधान हैं उसके बाद ही उच्च और विधान इन पर सम्पन्न किये जा सकते हैं.

यन्त्र संस्कार प्रक्रिया

साधना जगत मे तीन शब्द का अर्थ तो सभी जानते हैं प्रथम तो मंत्र, द्वितीय तंत्र और तीसरा यन्त्र ,इन तीन आवश्यक स्तंभ पर ही हैं साधक की तंत्र साधना का आधार .मंत्र जहाँ एक ओर कुछ विशिष्ट शब्द का संयोजन हैं जिनका भौतिक स्तर पर कोई अर्थ निकाल पाना शायद ही संभव हो जाए पर आध्यात्मिक अर्थ समझ पाना सबसे कठिन कार्य हैं .क्योंकि इन मंत्र के निर्माण मे जिन बीज मंत्रो का उपयोग हुआ रहता हैं उसके बारे मे तो कभी परमहंस स्वामी विशुद्धानंद जी ने कहा था की ब्रम्हा विष्णु महेश की भी समर्थ नही हैं की इनका अर्थ भली भांती बता दें तो सामनेसामान्य मनुष्य की सामर्थ्य ही क्या हैं.अब बात आते हैं तन्त्र की . इसकी अनेको परिभाषाये हैं .सामन्यतः यही हैं की एक सुवस्थित व्यवस्था .उसको तंत्र कह सकते हैं .अन्य परिभाषाओ मे अपने शरीर मे छुपी अनेको गुप्त क्षमताए आदि को जाने समझने और हस्त गत करने का विज्ञान .तृतीय हैं यन्त्र.यह वास्तव मे एक किले नुमा आकृति हैं जिसमे मुख्य शक्तिके साथ उसके विभिन्न गण ,सेवक सेविका और अन्य उप शक्तियां स्थित रहती हैं. अद्भुतता और अत्यंत ही गहनता का विषय हैं यन्त्र विज्ञानं,जितना गहन अध्ययन होगा उतना ही जायद आश्चर्य और नवीन तथ्यों सामने आते जायेंगे .

इन यंत्रों के भी अनेक प्रकार हैं सिर्फ अंक वाले यन्त्र, सिर्फ बीज मन्त्र वाले यन्त्र और तीसरा अंक और बीज मंत्र संयुक्त यन्त्र .उदाहरण के लिए श्री यन्त्र को ही ले ले इसमें इतनी शक्तियों का समावेशीकरण हैं की आज भी वैज्ञानिक कम्पुटर की सहायता से भी इसके रहस्यों का अनावार्तिकरण कर सकने मे असमर्थ हैं और नए और नूतन तथ्यों से इसके बारे मे जो भी उन्हें प्राप्त होते जा रहे हैं अचरज से भर उठे है.और यह तो एक यन्त्र के रहस्य अन्वेषण करने की बात हैं पर भारतीय साधना ग्रंथो मे तो इन यंत्रों की सीमा ही नही हैं. यह सारा विश्व ही यंत्र मय हैं ओर इस सम्पूर्ण ब्रम्हांड मेंजिस चेतना को महा योगियों ने अनुभव किया उसे ही यंत्र के रूप में परिणित कर साधारण मानवो के हितार्थ प्रस्तुत किया , यन्त्र केबल मा कल्पना नहीं हैं की कुछ विशेष आकृति अपने मन से बना ली ओर उसे प्रस्तुत कर दिया , यंत्र महा विज्ञानं तो इतना विस्तृत हैं की सारा जीवन भी इसमें लगा दे तो भी बूँद मात्र भी समझ पानां संभव नहीं हैं, साधरणतः साधक गण इस विज्ञानं की बारीकियों

के प्रति अनिभिग से रह ते हैं , पर जब साधना काल आता हैं तो सोच में पड जाते हैं की कैसे इन यंत्रोंको जल्द से प्राप्त कर लिया जाये . पर कभी समयाभाव तो कभी अर्था भाव के कारण यह संभव नहीं रहता हैं.

सदगुरुदेव कहते हैं की `क्यों छोटी छोटी से बातों पर गुरु पर भी निर्भर रहना , ओर जब हम उनके ही आत्मंश हैं तो क्यों नहीं इस बात को ह्रदय गम करते हैं की ज्ञान कीसभी विधियाँ , प्रक्रिया जो भी गुरुमुख से प्राप्त हैं, सदगुरुदेव से प्राप्त हैं वह तो हम सब के लिए हैं ही . क्यों नहीं हम कुछ तो सबल बने , ओर अपने सदगुरुदेव जी कागौरव प्रवर्धित करे ,पर हम चाह के भी यन्त्र को चेतना कैसे दे सकते हैं क्योंकि यह एक आसान कार्य तो हैं नही की ताम्बे के एक टुकड़े पर दिव्य शक्तियों का आरोहण किया जा सके और वह तांबे के टुकड़ा मात्र ताम्बे का टुकड़ा न रह कर एक जीवित पूर्ण व्यक्तित्व का प्रतीक हो जाए , न केबल उसमे प्राण संचरण बल्कि, चैतन्यता का भी पूर्ण समावेश हो जाए और सिद्धि दात्री गुण भी .क्योंकि यन्त्र भी दो तरह से कार्य करते हैं एक तो जो आपके द्वारा किये गए मंत्र जप को देव वर्ग तक परावर्तित कर दे और दूसरा वर्ग वे यन्त्र आते हैं जो सच मे उन्ही देव शक्तियों पूर्ण स्वरुप अपने आप मे उन रेखा चित्रों के माध्यम से और अन्य क्रियाओं के माध्यम से हमारे सामने रख सके .और हमें ततकाल ही अनुकूलता दे सकने मे समर्थ हो

पर इन क्रियाये को संपादित कैसे करें.यह सत्य हैं की हर यंत्र की विशेषता को ध्यान मे रखते हुये और वह किस मार्ग का प्रतिनिधित्व कर रहा हैं और उसने किस देव या देवता वर्ग का अबरोहण किया गया हैं उसकी प्राण प्रतिष्ठा करने का विधान सर्वथा अलग हो होता हैं जो की कई कई बार उन कुछ विशिष्ट ग्रंथो मे निर्देशित किया ही रहता हैंजो आज उपलब्ध ही नही हैं .तो इस लेख मे उन सारी प्रक्रिया की बात तो नही पर कुछ प्रक्रिया जो की सामान्य रूप से आसानी से की जा सके और और यन्त्र हमारे लिए उपयोगी हो सके वह क्रिया क्या हम कर सकते हैं . वह हमें दे सके जबकि हम स्वयं उतने सक्षम नहीं हैं , तो फिर इतना कहना हैं की सदगुरुदेव जी का शिष्यओर असक्षम , संभव ही नहीं हैं.....

सारे देवी देवता भी यंत्रों के माध्यम से प्रदर्शित किये जा सकते हैं क्योंकि प्रारंभ स्तर पर साधक की चेतना इतनी प्रखर नहीं होती की वह सीधे ही अंपने इष्ट को प्रत्यक्ष कर उनसे अपने हेतु कार्य संपन्न करवा सके, तो साधक की मन की बात कैसे ,उसके इष्ट तक कैसे पहुचे , की क्या कोई भी माध्यम नहीं हैं ?हाँ क्यों नहीं , सदगुरुदेव जी ही एक मात्र माध्यम हैं पर उनके द्वारा दिए गए यन्त्र रूपी भीं ज्ञान भी क्या उनका का प्रतीक नहीं हैं.तो अब तो यन्त्र भी एक माध्यम न हुआ,साधक के किये जा रहे जप को परावर्तित कर ,प्रवर्धित कर उसके इष्ट तक पंहुचा देता हैं, वही इष्ट के आशीर्वाद को साधक तक पहुचने का सेतु/हेतु भी बनता हैं

किसी भी साधना मे चाहे कोई साधक माने या न माने पर सफलता मे विगत जीवनों के कर्म फलो का बहुत योगदान रहता हैं ,और जब तक इनका एक निश्चितता मे अशुभ फल हटाये नही जाए सफलता मे वाधा आती हैं ही.पर यह कर्म तो हमारे द्वारा ही किये गए हैं तो उनका मार्जन भी हमें ही करना हैं अतः इस कार्य मे निश्चय ही उच्च्व चेतना और उच्च्व प्रज्ञा के बिना कैसे सफलता मिल सकती हैं .

कर्म फलों की कालावधि को कैसे कम किया जाये , कैसे साधना की जटिलता को कम करके मानव जीवन को उसके लक्ष्य तक पहुचाया जाये . यही साधना क्षेत्र के महत योगियों,मनीषियों और मर्मज्ञों का स्वप्न रहा हैं . इस यन्त्र रूपी उनके आशीर्वाद को चेतना कैसे दी जाये वही इस लेख की विषय वस्तु रही हैं . मैं आगे की पंक्तियों में ऐसे ही कुछ प्रक्रिया आपके सामने रख रहा हूँ. क्योंकि कैसे अपने प्राणों को अपने इष्ट से जोड़ दिया जाये .

1. **गुरू तत्व** ही सारे साधना पथ का एक आधार हैं , यही जीवन वायु हैं ,यही प्राण, यही आत्मा हैं बिना गुरू तत्व **के साधना पथ** का कोई अर्थ ही नही .क्योंकि यह सारा तंत्र और साधना मार्ग गुरू गम्य और गूरू मुख से प्राप्त ज्ञान **विज्ञानं पर** ही तो आधारित हैं.इसलिए गुरू तत्व की महिमा और गरिमा और उपयोगिता से तो सारा तंत्र साहित्य ओत प्रोत हैं इसलिए जब गुरू तत्व की महिमा इतनी हैं तो सदगुरुदेव तत्व का क्या कहना ....वह तो सारे तंत्र के

जनक और सारी सिद्धियों के प्रदाता हैं उनकी एक कृपा कटाक्ष पाने के लिए तो सारे देवी देवता और सिद्धाश्रम के सभी योगी भी इंतज़ार करते हैं,जो साधना वर्षों मे न संभव हो पाए वह उनके एक मधुर मुस्कान से एक क्षण के अंश मे यूँ ही संभव हैं तो साक्षात्भगवान शंकर के स्वरुप और यही ही नही बल्कि साक्षात् पार ब्रम्ह स्वरुप ही हैं. सदगुरुदेव जी से प्राप्त कोई धुल का भी कण भी उतना ही प्रभावशाली हैं जितना की कोई पूर्ण निर्माणित यन्त्र.उनका स्पर्श हो जाये और उनके श्री मुख से उस धुल के कण के लिए भी यदि बोल दिया जाये की यह तेरे लिए शंकर ही हैं तो वह भगवान शंकर ही होंगे उस साधक के लिए

2. आज वैदिक और एक योग्य तंत्र के ज्ञाता का चारो ओर अभाव देखा जाता हैं,एक ओर जहाँ वैदिक कमर्काण्ड मे दक्ष व्यक्तित्व और दूसरी ओर तंत्र की गोपनीय और रहस्मय प्रक्रियाओ का ज्ञाता किसी भी यन्त्र का चैतैन्यी करण कर सकता हैं हालकी वह किस स्तर तक यह कर सकता हैं वह तो उसके ज्ञान की सीमा पर आधारित हैं पर ऐसे किसी शास्त्राग्य से पूर्ण प्रमाणिक पद्धति से यदि प्रक्रिया संपन्न कर दी जाये तो भी उस यन्त्र में चैन्त्यता आ जाती हैं.

3. मानव जीवन की उपयोगिता और सार्थकता तभी हैं की उसकी कुण्डलिनी नाम की शक्ति का जागरण हो सके अन्यथा कुछ बातें सिर्फ छोड़ दी जाए तो मानव और पशु जीवन मे कोई बहुत बड़ा अंतर नही हैं.पर यह जागरण बहुत ही दुर्लभ प्रक्रियाओं के माध्यम से हो जाता हैं या किया जाता हैं,षट चक्र और सहस्त्रधार से युक्त यह विज्ञन अपने आप ने असीम संभावनाए लिए हुये हैं वास्तव मे जो हम मंत्र जप करते हैं वह भी इसी शक्ति को जगानेका एक माध्यम हैं और मंत्र मे लिखित शब्द या अक्षर रूपी ऊर्जा जा कर किसी विशेष चक्र मे जाकर उसके किसी विशेष पटल या दल मे उपस्थित किसी विशेष शक्ति को जाग्रत करने की कोशिश हैं. कई कई बार तो व्यक्ति का पूरा का पूरा जीवन लग जाता हैं और वह मुश्किल से ही कुछ उन्नति ही कर पाता हैं. यह कुण्डलिनी जागरण का विज्ञानं अत्यन्त ही जटिल और श्रम साध्य हैं.किसी पूर्ण कुंडलिनी जाग्रत साधक के मुख सेउच्चरित शब्द या संकल्प मात्र से भी वह यन्त्र प्राण प्रतिष्ठित बन जाता हैं

पर जब यह भी संभव न हो पा रहा हो चाहे कारण कोई और भी हो तब उस अवस्था के लिए एक सरल सी दुर्लभ प्रक्रिया आपके लिए भी ...

प्रातः ४ से ६ बजे के मध्य उठे , स्नान कर स्वेत वस्त्र धारण कर ,उतर दिशा की और मुह करके, सामने भगवान् रूद्र ओर सदगुरुदेव जी के चित्र के सामने बैठे सामने बजोट पर भी स्वेत वस्त्र बिछाएं.

पवित्रीकरण :अपने उलटे हाथ की हथेली मे थोडा सा जल लेकर निम्न मंत्र बोलते हुये जल अपने चारों ओर छिडके

ॐअपवित्र: पवित्रो वा सर्वास्थाम गतोऽपि वा|

य : स्मरेत पुण्डरीकाक्षं स बाह्यआभ्यान्तर: शुचि||

इसके बाद

आचमन : आंतरिक तत्वों की शुद्धि के लिए यह प्रक्रिया अत्यंत ही आवश्यक हैं सीधे हाँथ में जल ले कर चार बार यह मन्त्र पढ़ें. और उस अभिमंत्रित जल को स्वयम जल को पी ले.

ॐ आत्म तत्वं शोधयामि स्वाहा|

ॐ विद्या तत्वं शोधयामि स्वाहा|

ॐ ज्ञान तत्वं शोधयामि स्वाहा |

ॐ शिव तत्वं शोधयामि स्वाहा |

इसके बाद दिग बंधन का स्थान आता हैं.

दशो दिशाओ मे से विघ्न आपको आपकी साधना मे वाधा न डाले इसलिए.

ॐ अपसर्प यन्तु ये भूता ये भूता भूमि संस्थिता|

ये भूता विघ्नकर्तारस्ते नश्यन्तु शिवाग्या||

अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतो दिशम|

सर्वेषाम विरोधेन पुजाकर्म समारभे||

इसके बाद

अब सबसे पहले अपने सीधे हाथ मे जल लेकर संकल्प करे कीं" **मैं अमुक नाम,,मेरे पिता /पति का नाम अमुक हैं और अमुक स्थान की निवासी ,अमुक गोत्र उत्पन्न ,आज इस यन्त्र संस्कारित करने सदगुरुदेव आपके सामने यह प्रयोग सम्पन्न करने जा रहा /रही हूँ ,मुझे इस कार्य मे पूर्ण सफलता आप अपनी कृपा दृष्टी से प्रदान करें"**

इन संकल्प को लेने के बाद अपने सीधे हाथ की हथेली मे लिया जल को जमींन पर डाल दे.

इसके बाद भगवांन गणेश पूजन करें पूरे भक्तिभाव से

सुमुखश्चैकदन्त , कपिलो गजकर्णक:|

लम्बोदरश्च विकटो विघ्न नाशो विनायकः |

,धुर्मकेतु गणाध्यक्षो भालचन्द्रो गजानन:

द्वादशैतानी नामानी य :पठेस्चचछुणुयादपि||,

विद्यारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा |

संग्रामे रिपुसंकटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते||.

साधना के पूर्व की गयी आपकी सात दिन की मेहनत भविष्य में आपके मंत्र इष्ट और मंत्र शक्तियों का प्रत्यक्षीकरण सहज कर देती है | स्थानदोष, नेत्र दोष या चिंतन दोष की वजह से बहुत बार ऐसा होता है की हमने सभी क्रियाएँ वैसी ही संपन्न की हो,जैसा शास्त्रों या गुरु ने निर्दिष्ट किया हो,तब भी शक्ति के अणु संलयित नहीं हो पाते हैं और हम यही सोचते हैं की शायद साधना में कोई त्रुटि रह गयी है,इसलिए प्रत्यक्षीकरण नहीं हो पाया और ऐसे में हमारा ह्रदय भग्न हो जाता है | इसका सबसे बड़ा कारण यही है की हम इतना ज्यादा नकारात्मक विचारों में भरे हुए हैं की हमने प्रत्यक्षीकरण को ही सिद्धि का आधार मान लिया है,जबकि ये सत्य नहीं है....खैर फिर भी यदि आपके मन में शक्तियों को प्रत्यक्ष देखने का भाव हो तो निम्न प्रयोग पहले से ही संपन्न कर लेना चाहिए | ये बहुत ही दुर्लभ और अनुभूत प्रयोग है,जिसे सदगुरुदेव ने स्वयं ही प्रदान किया था और जिससे आशातीत सफलता की प्राप्ति हुयी है | ये साधक के तरकश का अचूक बाण साबित होगा,यदि इसे पूरी तरह सिद्ध कर लिया जाये तो | वास्तव में **ये मंत्र और इसकी ध्वनि उन नाड़ियों और तंतुओं में स्पंदन कर उत्तेजित कर देते हैं जिसके द्वारा दिव्य नेत्र का जागरण होता ही है,** ऐसे में अदृश्य को दृश्यमान करना सहज ही हो जाता है |

किसी भी रविवार को ब्रह्ममुहूर्त में उठकर,स्नान और सूर्य को अर्घ्य प्रदान कर,पूर्व दिशा की ओर मुख कर श्वेत आसन पर बैठ जाएँ और गुरु पूजन,गणपति पूजन संपन्न कर सदगुरुदेव से प्रार्थना करे की **वो आपको इस साधना को संपन्न करने की अनुमति दे और सफलता प्राप्ति का आशीर्वाद दें** | तत्पश्चात गुरु माला से स्थिरासन में बैठकर निम्न गोपनीय मंत्र की ३१ माला जप संपन्न करें जप के पूर्व मन्त्र जप करते हुए २-२ मिनट तक **आवाहनी,शंख,गदा,पद्म मुद्रा** का प्रदर्शन करें | इस क्रिया को ७ दिनों तक संपन्न करना है,सात्विक आहार और साधना सम्बन्धी सभी नियमों का यदि पालन करते हुए यदि इस प्रयोग को कर लिया जाये तो निश्चय ही आपको अद्भुत अनुभव होगा| भविष्य में यदि कभी प्रत्यक्षीकरण की मनोकामना हो तो मूल साधना के साथ साथ इस मंत्र की ५ माला सम्बंधित शक्ति के यन्त्र,चित्र अथवा दीपक पर यथासंभव त्राटक करते हुए करें,और साथ ही साथ उपरोक्त चारों मुद्राओं का भी कुछह कुछ समय तक प्रदर्शनकरें विखण्डित अणुओं का संलयन होता है और शक्ति के दर्शन हो जाते हैं |

इष्ट प्रत्यक्षसिद्ध मन्त्र –

ॐ दिव्याय दिव्य नेत्रे इष्ट बिम्ब ह्रदय सिद्धिं स्थिर भव ॐ ||

OM DIVYAAY DIVY NETRE ISHT BIMB HRIDAY SIDDHIM STHIR BHAV OM ||

पूर्ण यक्षिणी अप्सरा सायुज्य षष्ठ मंडल

सौंदर्यवतां सा उर्ध्वोर्वतां पूर्ण तंत्रमेव सिन्धुं

दिव्योर्वतां सा साहचर्य प्राप्तुम ||

यक्षिणी अप्सरा वै सहचरी सदां सा |

रुद्रोमंडल स्थिरां च भवति वश्य वा ||

तंत्र जगत की अद्भुतता का वर्णन कर पाना असंभव ही है...तभी तो व्यंजना पद्धति के कूट भाष में रचित **"सौंदर्य कल्पलता सिंधु"** में ये कहा गया है की तंत्र के सागर में सौंदर्य और उर्ध्वरेतस गति की प्राप्ति सहज संभव नहीं हो पाती हैअपितु उसके लिए तंत्र रुपी सागर का मंथन करना अनिवार्य होता है,जो की इतना सहज कम से कम आज तो नहीं है,क्यूंकि चरित्र की शुद्धता और व्यक्तित्व की सुदृढता तंत्र सागर की गहराई को मापने का अनिवार्य गुण होना चाहिए साधक में और जिस साधक में ये गुण होता है वो सहज ही तीव्रता और सौंदर्य दोनों को ही हस्तगत कर लेता है | और जिसने सौंदर्य और तीव्रता को अपने वश में कर लिया,उसे दिव्यत्व तो सहज ही प्राप्त हो जाता है | और इस हेतु यक्षिणी और अप्सरा की साधना ही सर्वोपरि होती हैं नवीन तथ्यों और गूढ़ रहस्यों से साधक को सतत परिचित करवाना, उसका मार्गदर्शन करना और सच्चे मित्र की भाँति उसे साहचर्य और अपनी सलाह प्रदान करना ही इनका गुण होता है | शास्त्रों में विधियों की कमी नहीं है , मंत्र महार्णव,मंत्र सागरी,मंत्र सिंधु सौन्दर्याणव पद्धति, तंत्र रत्नाकर,भूत डामर तंत्र आदि ग्रन्थ इन साधनाओं से भरे हुए हैं किन्तु इनका सहयोग लेने पर भी इन सौंदर्य कृतियों का साहचर्य क्यूँ नहीं प्राप्त हो पाता है ?

क्या विधान गलत है ?

क्या मंत्र में त्रुटि है?

क्या पद्धति अधूरी है ?

नहीं .... ऐसा कदापि नहीं है | अपितु हम शायद ये भूल गए हैं की किसी भी साधना की कुछ गुप्त कुंजियाँ होतीहैं,जिनका अनुसरण और प्रयोग करते हुए यदि प्रामाणिक विधान किया जाए तो सफलता का प्रतिशत कई गुना बढ़ जाता है| हमारी कार्मिक गति के आधार पर भले ही सफलता मिलने में विलम्ब हो,किन्तु परिश्रम करने पर सफलता ना मिले ऐसा संभव नहीं है|

साधना के लिए विभिन्न सामग्रियों की अनिवार्यता होती ही है, काल, स्थान,वातावरण को अनुकूल करते हुए जो आपके चित्त को लगातार साधनोंमुख करते रहें| और इन सामग्रियों की अनिवार्यता को आप नकार भी नहीं सकते | प्रत्येक साधना में किसी खास द्रव्य या यन्त्र की अनिवार्यता तो बनी ही रहती है,जिसके अभाव में साधना से परिणाम की प्राप्ति दुष्कर ही होती है| साधना जगत में परिणाम प्राप्ति के लिए मंत्र,यन्त्र और तंत्र इन तीनों का ही सहयोग अनिवार्य होता है,तदुपरांत ही परिणाम संभव हो पाता है | और ऐसा मात्र महाविद्या साधनाओं में ही नहीं होता है अपितु प्रत्येक साधना के लिए ऐसा ही विधान है |

जबलपुर में १२ अगस्त को जो यक्षिणी अप्सरा साधना पर हम गोष्ठी आयोजित कर रहे हैं, उसमे इन साधनाओं की आधारभूत सामग्री के रूप में जिस सामग्री को हम गोष्ठी में भाग लेने वाले भाई-बहनों को प्रदान करने वाले हैं वो है,यक्षिणी अप्सरा सायुज्य षष्ठ मंडल| और इस मंडल की विशेषता क्या है,इसका वर्णन मैं नीचे की पंक्तियों में कर रहा हूँ| हमने पूर्ण मनोयोग से मात्र गोष्ठी में सहभागी होने वाले भाइयों और बहनों को ही इसे देने का निश्चय किया है,ताकि उपरोक्त साधनाओं से सम्बंधित सर्वाधिक महत्वपूर्णसामग्री सम्पूर्ण जीवन के लिए उनके पास हो और वे उसका प्रयोग कर पूर्ण लाभ उठा सके| यन्त्र के प्रयोग का पूर्ण विधान गोष्ठी में ही बताया जायेगा|

जिन भी भाइयों और बहनों ने सदगुरुदेव के सानिध्य में साधना शिविरों में भाग लिया है वे ये तथ्य भली भांति जानतेहैं की यंत्रों और सामग्रियों की अनिवार्यता का क्या महत्त्व होता है | यदि आपको महाविद्या साधना करनी हो तब भी उस हेतु आपको तीन मंडलों का निर्माण करना ही होता है, तभी उनका शरीर स्थापन,आत्म स्थापन,सायुज्यीकरण, आकर्षण,सफलता प्राप्ति और पूर्ण साहचर्य प्राप्त किया जा सकता है | **यदि माँ वल्गामुखी का कोई साधक हो और उसने मूल उत्स जागरण और अपने अथर्वासूत्र का पूर्ण जागरण और निर्मलीकरण ना किया हो तो उसे इस महाविद्या का पूर्ण साहचर्य नहीं मिल पाता है** हाँ उसके कार्यों को अनुकूलता मिल जाये ये एक अलग बात है| क्यूंकि साधना का प्रभाव तो आपको प्राप्त होता ही है....ऐसा हो ही नहीं सकता है की हम कर्म करें और उसका अल्प परिणाम भी प्राप्त ना हो |

और इस हेतु यदि हम ऊपर लिखी हुयी श्लोक की पंक्तियों के भावार्थ को समझे तो उसमे स्पष्ट लिखा हुआ है की-

यक्षिणी अप्सरा वै सहचरी सदां सा|

रुद्रोमेंडल स्थिरां च भवति वश्य वा||

यक्षिणी और अप्सरा का साहचर्य तो सदैव प्राप्त हो सकता है किन्तु इस हेतु उसका कीलन और स्थापन**रूद्र मंडल** में करना होता है |

वस्तुतः ये समझना अति आवश्यक है की ये मंडल क्या है???

अप्सरा और यक्षिणी साधना में पूर्ण सफलता प्राप्ति हेतु तीन मंडलों का संयोग कर**पूर्ण यक्षिणी अप्सरा सायुज्य षष्ठ मंडल**का निर्माण आवश्यक कर्म होता है | इस मंडल की निर्माण प्रक्रिया ही इतनी जटिल है की इसे सामान्य साधक नहीं कर सकता है सम्पूर्ण मंडलों को ३ भागों में विभक्त किया गया है |

१. रूद्र मंडल

२.अप्सरा सिद्धि मंडल

३.यक्षिणी सिद्धि मंडल

और इन तीनों मंडल में से प्रत्येक मंडल में 2-2 उपमंडल होते हैं जिनके योग से एक पूर्ण मंडल का निर्माण होता है |और इस प्रकार ३ पूर्ण मंडलों के मिलने से१ परिपूर्ण मंडल का निर्माण होता है और इस प्रकार इस पूर्ण सिद्धि मंडल में एक साथ6 यंत्रों का योग होता है,तभी पूर्ण सफलता के दर्शन साधक को संभव हो पाते हैं यदि हम इसे समझे तो क्रम इस प्रकार होगा -

रूद्र मंडल में प्रथम मंडल या यन्त्र **सिद्ध शिव कुबेर मंडल** होता है, जिसमे **भगवान महाकाल** का जो तीव्रता और सौंदर्य के अधिपति हैं और जिनकी कृपा से साधक को पूर्ण काम भावऔर काम भाव पर विजय प्राप्ति का वरदान मिलता है,इन सौंदर्य साधना में सफलता के लिए इनका स्थापन पूर्ण तांत्रोक्त रूप से किया जाता है जिसकी कुछ विशिष्ट क्रियाएँ हैं जिनके प्रयोगसे अंग स्थापन,पूजन,ज्यामितीय अंकन,ब्रह्माण्ड चेतना प्राप्ति आदि संभव हो पाती है और साधना में जो पौरुष भाव और अधिपत्य का भाव अनिवार्य है ये उसे ही प्रदान करने वाले हैं जिससे साधना के समय संयम भाव के वो पूर्ण नियंत्रण में होता हैजिससे कामोद्वेग से वो पीड़ित नहीं होगा |ना ही उसे स्वप्नदोष जैसी बाधा का सामना करना पड़ेगा और ना ही कामुकता की तीव्र लहर उसकी साधना को ही भंग कर पायेगी | साथ ही भगवान महाकाल के साथ उनके ही शिष्य **यक्षराज कुबेर** और **उनकी शक्ति** का अंकन भी इस एक यन्त्र में ही संयुक्त रूप से होता हैक्यूंकि इस तथ्य से हम सभी अवगत हैंही की कुबेर यक्षिणियों के स्वामी हैं और इनकी कृपा के बगैर यक्षिणी का साहचर्य तो दूर साधक को अनुभूति का अनुभव भी दूर दूर तक नहीं हो सकता|है

इस रूद्र मंडल का दूसरा यन्त्र**कामाक्षी ब्रह्माण्ड आकर्षण यन्त्र** होता है,जिसमे**भगवती काम कला काली** की **कलाओं** का स्थापन किया जाता है और जिसके द्वारा साधक और अप्सरा तथा यक्षिणी के बीच एक सूत्र का निर्माण होता है और वे सुगमता से साधक से संपर्क स्थापित कर सकती हैंअपनी सम्पूर्ण कलाओं और विद्याओं के साथ वे साधक को अपना साहचर्य प्रदान करती हैं और उसे प्रतिकूलता से मुक्त रखतीहैं | **रूद्र मंडल** के दोनों यन्त्र साधक को **यक्षिणी और अप्सरा** दोनों ही साधनाओं में सफलता प्रदायक होते हैं, अब चाहे आप किसी भी एक वर्ग की साधना करें **तब भी ये एक मंडल तो आपको चाहिए ही** |

अब बारी आती है द्वितीय मंडल की जो की **अप्सरा सिद्धि मंडल** होता है | इस मंडल में भी दो मंडल होते हैं **१.अप्सरा मंडल** – जो साधक को अप्सरा साधन के योग्य बनाता है और उसकी नकारात्मक उर्जा को साधना काल में दूर रखता हैसाधक का शोधन कर उसे साधना के योग्य बनाना तथा सौंदर्य को आत्मसात करने की क्षमता देना,इस मंडल का प्रमुख कार्य है | सम्पूर्ण अप्सराओं

की इस मंडल में सांकेतिक उपस्थिति होती है| जिसके कारण उनका अंकन इसमें सहज हो जाता है और इस प्रकार ये उनका ब्रह्मांडीय आवास ही हो जाता है | सदगुरुदेव ने 1993 में इस यन्त्र को **अप्सरा साधना और तंत्र साधना के लिए अनिवार्य ही बताया था**,और बहुतेरे साधकों ने उस समय इसका प्रयोग कर सफलता पायी थी |

इसी मंडल का दूसरा उपमंडल या यन्त्र **सौंदर्य भाग्य लेखन मंडल** होता है,इसके सहयोग से साधक सौंदर्य साधनाओं के द्वारा जिन शक्तियों की प्राप्ति करता है,उसे सहेज कर रखता है और ये सौंदर्य सिर्फ बाह्यागत नहीं होता है अपितु,जीवन के प्रत्येक पक्ष और साधनाओं में इसका प्रभाव वो स्वयं देख सकता है,जब साधक से इस मंडल का पूर्ण आत्म चैतन्यीकरण हो जाता है तो बरबस ही इन सौंदर्य बालाओं को अपने लोक से इसके पास तक आना पड़ता है|

अब तीसरा मंडल **यक्षिणी सिद्धि मंडल** होता है,इसमें भी २ उपमंडल या यन्त्र होते हैं १. **षोडशी मंडल** इस मंडल का मुख्य कार्य साधक को उन 16 मुख्य यक्षिणियों का अगोचर साहचर्य प्रदान करना होता है जिनके अधिकार में 4-4 यक्षिणी होती है | इस प्रकार प्रत्येक यक्षिणी के अधिकार में 4 विद्याएं होती है,जिसकी प्राप्ति वो साधक को साधना के परिणामस्वरूप करावा सकती है |वैसे शास्त्रों में प्रत्येक यक्षिणी को एक विद्या या कला प्रदान करने वाला कहा गया है,किन्तु चार चार के समूह की एक स्वामिनी होती हैं तो अपरोक्ष रूप से 4 विद्याओं पर उनका अधिपत्य सहज होता है| इस प्रकार 16 गुणित 4=64 तंत्र या विद्याओं की ये अधिस्वामिनी होती हैं | साधक के निर्माण तत्व के आधार पर कौन सा वर्ग उसे फलीभूत होगा,इसका संकेत ये 16 यक्षिणी साधना काल में ही साधक को स्वप्न के माध्यम से दे देती हैं तथा साधक को और क्या प्रयत्न करना चाहिए इसके सूक्ष्म संकेत भी साधक को वे प्रदान करती हैं | इसी मंडल का दूसरा उपमंडल या यन्त्र होता है **पूर्ण सम्मोहन वशीकरण मंडल**– साधना काल में बात मात्र आकर्षण की ही नहीं होती है अपितु वे पूरी तरह साधक के वशीभूत होकर पूर्ण अनुकूलता भी प्रदान करें,ये भी अनिवार्य तथ्य होते हैं | साधक का व्यक्तित्व पूर्ण चुम्बकीय हो और वो इन शक्तियों के साहचर्य से स्वयं भी देव वर्ग की और अग्रसर हो,मात्र मानव वर्ग ही नहीं अपितु उसकी सम्मोहन शक्ति से अन्य वर्ग भी उससे संपर्क करने के लिए आतुर हो,ये क्षमता प्रदान करना इसी मंडल के अंतर्गत आता है|

इस प्रकार इन तीन मंडलों का योग करने से **यक्षिणी अप्सरा सायुज्य षष्ट मंडल** का निर्माण होता है| इस एक यन्त्र में 6 यंत्रों का समावेश होता है,जो इन्ही क्रमों से इस महामंडल में अंकित होते हैं प्रत्येक उपमंडल की प्राणप्रतिष्ठा,अभिषेक,चैतन्यीकरण और दिप्तिकरण अलग अलग सामग्री,वनस्पतियों और मंत्र से होती हैं,किसी की प्राण-प्रतिष्ठा वज्रमार्ग से होती है,तो किसी की शाक्त पद्धति से,किसी की मध्य रात्रि में तो किसी के लिए ब्रह्ममुहूर्त का विधान है| और जब छहों यन्त्र पर क्रिया पूर्ण हो जाती है तब इनका योग करवाकर सायुज्यीकरण करवाया जाता है,तभी ये फलदायक होते हैं | किसी भी यन्त्र को चेतना देना इतना सहज नहीं होता है,क्यूंकि साधक को ये भली भांति ज्ञात होना चाहिए की इस यन्त्र का अंकन सृष्टि क्रम से हो रहा है या संहार क्रम से,किस पद्धति से इसका आवरण पूजन इत्यादि होगा आदि आदि|

इस मंडल की प्राप्ति के बाद साधना काल में आवश्यक सामग्रियों में आपको आपकी अभीष्ट यक्षिणी अप्सरा का मूल यन्त्र,माला और विधान ही लगता है,बाकी की गोपनीय क्रियाएँ तो उसका संयोग इस यन्त्र से करने से ही संपन्न होती है... तदुपरांत किन मुद्राओं का प्रदर्शन होना चाहिए,किन बातों का ध्यान आवश्यक है...क्या दिनचर्या होनी चाहिए आदि बाते ही आवश्यक होती हैं |

इस एक यन्त्र के निर्माण पर लागत मूल्य ही बहुत आ जाता है,और जो भी भाई बहन इसका निर्माण विधान समझना चाहे और स्वयं इसकी निर्माण विधि को प्रमाणिकता से आत्मसात करना चाहे वो अपने बहुमूल्य समयमें से मात्र १४ दिन और उन दिनों के ७-७ घंटे देकर स्वयं ही इस यन्त्र का निर्माण कर सकते हैं..इस की प्राण प्रतिष्ठा विधि और मन्त्रों तथा मुद्राओं को समझ सकते हैं तथा हेतु इसकी जो भी सामग्री लगेगी,वो आपको ही जुटानी है,उससे हमारा कोई लेना देना नहीं है,क्यूंकि निर्माण काल में आप स्वयं ही इस कार्य को सम्पादित करेंगे |

हम इस कार्य में सौभाग्यशाली रहे हैं की हमें अपने कई भाई बहनों का आर्थिक सहयोग मिला है और उस सहयोग की वजह से हमारी कई योजनाओं को गति भी मिली हैउनकी निस्वार्थता हमें निरंतर कर करने की और प्रेरित करती है और इसी कारण एक साथ इनकी प्राण प्रतिष्ठा आदि करने के कारण इनके निर्माण मूल्य में बहुत अंतर आ गया हैं उन सभी सहयोगियों के कारण ही आज पुनः इस कल कवलित विधान को मैं सबके सामने रखने का साहस कर रहा हूँ जब आप सभी से जबलपुर में मिलने का सौभाग्य मिलेगा तो इस महा मंडल का कैसे प्रयोग किया जाता है,उस हेतु हम विधान भी स्पष्ठ करेंगे| उपरोक्त यंत्रों का अलग अलग समय पर **सदगुरुदेव** ने प्रयोग कराया है,और ये उसी महान परंपरा से प्राप्त हुए हैं,इनमे से प्रत्येक यन्त्र को भिन्न भिन्न साधनाओं में भी प्रयोग किया गया हैऔर प्रत्येक प्रयोग प्रभावी रहे है | उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा था की सिद्धों के मध्य ये यन्त्र अलग अलग नामों से भी प्रचलित रहे हैं|

मैंने तो अपने दिल की बात कह दी..... अब वो आप तक पहुँचती है या नहीं......ये तो आपके भावों और कालगति पर ही निर्भर है.....

“निखिल प्रणाम”

“जय सदगुरुदेव”

धनदा रति साधना रहस्य

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि धनदां सर्वसिद्धिदाम्|

यामाराध्य महादेवि कुबेरोधननायकः ||

अर्थात भगवान शिव पार्वती जी से कहते हैं की मैं अब मैं आपको उन धनदा देवी की साधना का विधान स्पष्ट करता हूँ,जिनकी कृपा से साधक को सभी प्रकार की सिद्धियाँ स्वतः ही हस्तगत हो जाती हैं| तथा जिनकी कृपा से यक्षराज कुबेर को धनाध्यक्ष होने का गौरव मिला है |

उपरोक्त पंक्तियाँ ही धनदा साधना की महत्ता को समझाने के लिए सहज प्रयाप्त हैं जीवन में दु र्भाग्य से जब भी पिंड छुड़ाना हो और ऐश्वर्य की चरम पराकाष्ठा को प्राप्त करना हो,तब कलियुग में सहज रूप से प्रसन्न होने वाली धनदा साधना का ही सहयोग साधक को लेना चाहिए गौर वर्णीय और निर्मल कांटी से युक्त लाल वस्त्रोंको धारण करने वाली धनदा सदैव ही साधक को सभी प्रकार के इच्छानुसार फल देती हैं| साथ ही सभी प्रकार के पापों का हरण कर ये साधक को भी निर्मल कर देती हैं

शास्त्रों में धनदा देवी की साधना के विविध मंत्र प्रचलित हैं क्योंकी निश्चय ही इनसे ज्यादा सहजता और सरलता से कलियुग में किसी का साक्षात्कार नहीं होता है,किन्तु इसी कारण शास्त्रों में विधि तो प्रदान की गयी पर उन सूत्रों को गुप्त कर दिया गया,जिनकी मदद से साधक इन्हें सिद्ध कर सकता है| सदगुरुदेव ने धनदा शिविर का आयोजन किया था,जिसमे उन्होंने यक्षिणी और अप्सरा

वर्ग की सिद्धि के सरलतम विधान बताये थे | उन्ही विधानों को मैंने आपके सामने अपने इस लघु संकलन में रखा है| कुछ महत्वपूर्ण तथ्य जो धनदा सिद्धि के लिए अनिवार्य हैं,उन्हें मैं नीचे की पंक्तियों में संक्षेप में दे रहा हूँजिनके प्रयोग से आपको साधना में निश्चय ही अनुकूलता प्राप्त होगी|

"गुरुपूजां विनादेविनहि सिद्धि प्रजायते"

अर्थात बिना गुरु पूजंन और गुरु की कृपा के इस साधना में सिद्धि प्राप्त नहीं होती हैअतः गुरु का पूर्ण समर्थायानुसार पूजन और प्रत्यक्ष या मानसिक अनुमति लेकर ही इस साधना को करना चाहिए|

इसमें दो प्रकार के न्यास का प्रयोग किया जाता है,किन्तु साधक के लिए ज्यादा उचित यही होता है की वो गुरु द्वारा वर्णित न्यास का ही प्रयोग करे|

यदि पंचदशी सिद्धि मंत्र का इस मंत्र के न्यास बीजों के स्थान पर योग कर दिया जाए तो सफलता प्राप्त होती ही है|

साधक भले ही लाल वस्त्र पहन कर साधना करे किन्तु आसन के रूप में प्रतिदिवस अलग अलग रंग के वस्त्र का प्रयोग होता है| वैसे इस साधना को होली के सात दिन पूर्व या अपने जन्मनक्षत्र पर संपन्न करना चाहिए| और उस दिन जो वार पड़ रहा हो,उसी वार के रंग का रेशम या ऊनी कपडे का टुकड़ा अपने मूल आसन पर बिछाना चाहिए|

रविवार – गुलाबी

सोमवार - सफ़ेद

मंगलवार – लाल

बुधवार – हरा

गुरूवार – पीला

शुक्रवार – सफ़ेद

शनिवार – काला

अंतिम दिवस अग्नि प्रज्वलित कर मूल मंत्र से88 कमलगट्टे की आहुति दी जाती है,जिससे साधना पूर्ण रूपेण संपन्न होती है|

विधि – ये साधना मध्यरात्रि में संपन्न की जाती है अतः साधना 10.30 बजे से प्रारंभ कर देना चाहिए| बाजोट पर लाल वस्त्र बिछाकर जो भी महत्वपूर्ण सूत्र इस ग्रन्थ में आपको बताये गए हैंउनमे से अपने सामर्थ्यानुसार सूत्रों को संपन्न कर लेना चाहिए गुरु पूजन और गणपति पूजन के बाद हाथ में जल लेकर संकल्प करना चाहिए की**'मैं अमुक गुरु का शिष्य जो अमुक गोत्र से सम्बंधित हूँ और अमुक मेरा नाम है.....देवि की साधना संपन्न कर रहा हूँ मैं अमुक दिनों तक नित्य अमुक संख्या में माला जप करुना,हे गुरुदेव आप मुझे इस साधना को संपन्नकरने की अनुमति और साधना में सफलता प्राप्ति का आशीर्वाद दें और मेरा संकल्प सिद्ध हो यही आशीर्वाद दें"** फिर सामने बाजोट पर सम्पूर्ण मंडल का स्थापन कर उस पर रक्तचंदन अथवा केसर मिश्रित सफ़ेद चन्दन का लेप कर देना चाहिए और मंडल के सामने धनदा यन्त्र जो ताम्रपत्रपर निर्मित हो अथवा भोजपत्र पर रक्त चन्दन से बना हुआ तथा प्राण प्रतिष्ठित हो का स्थापन कर देना चाहिए| अब शिवशक्ति संस्कार संपन्न करने के बाद भैरव स्थापन,उत्थापन और कुबेर स्थापन व पूजन संपन्न कर लेना चाहिए|

शिवशक्ति संस्कार करते समय **मंडल** में अंकित **सिद्ध शिव कुबेर मंडल** से चन्दन ग्रहण करें और **सौंदर्य कंकण** पर तिलक करते हुए शिव का स्थापन करें|

यही क्रिया **कुबेर पूजन** के समय भी करें |

जब आप देवी का **अंगपूजन**उनके **विशिष्ट मातृका कला मंत्र से**करें तब **कामाक्षी ब्रह्माण्ड आकर्षण मंडल** से चन्दन ग्रहण करके मूल यन्त्र पर बिंदी लगाएं |

जब आप **उत्थापन न्यास** कर रहे हों तब भी आप मंत्र का उच्चारण करते हुए**षोडशी मंडल** से चन्दन लेकर अपने अंगों में लगाएं

आपने जिस मंडल की स्थापना की है वो विशिष्ट मन्त्रों और शक्ति से अनुप्राणित हैजब हम उस पर लेपित रक्तचंदन लेकर यन्त्र या स्वयं पर क्रिया करते हैं तो दोनों यंत्रों और साधक तथा साध्य के मध्य ऊर्जा सूत्र का निर्माण होता हैजो की साधना में सफलता के लिए अनिवार्य है |

अब हाथ में जल लेकर निम्न मन्त्रों से विनियोग करें –

विनियोग –

ॐ अस्य श्री धनदा यक्षिणी मन्त्रस्य कुबेर ऋषिः पंक्तिश्छंदः श्री धनदा देवता | रं बीजं |श्री शक्तिः | ह्रीं कीलकं | श्रीधनदेश्वरी प्रसाद सिद्धये मे सम्पूर्ण दुर्भाग्यदारिद्रयनाशायश्री धनदा मन्त्र जपे विनियोग : ||

ऋष्यादिन्यास –

ॐ ह्रां कुबेर ऋषये नमः शिरसि||

ॐ ह्रीं पंक्तिश्छंदसे नमः मुखे ||

ॐ ह्रूं श्रीधनदा देवतायै नमः हृदये ||

ॐ ह्रैं रं बीजाय नमः गुह्ये||

ॐ ह्रौं श्री शक्तये नमः पादयो : ||

ॐ ह्रः ह्रीं कीलकाय नमः नाभौ ||

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः विनियोगाय नमः सर्वांगे| → 0 तिथि से work on in forest

करन्यास –

ॐ ह्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः||

ॐ ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः॥

ॐ ह्रूं मध्यमाभ्यां नमः॥

ॐ ह्रैं अनामिकाभ्यां नमः॥

ॐ ह्रौं कनिष्ठिकाभ्यां नमः॥

ॐ ह्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः॥

अंगन्यास–

ॐ ह्रां हृदयाय नमः॥

ॐ ह्रीं शिरसि स्वाहा॥

ॐ ह्रूं शिखायै वषट्॥

ॐ ह्रैं कवचाय हुं॥

ॐ ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्॥

ॐ ह्रः अस्त्राय फट्॥

सिद्धिप्रद न्यास बिंदु–

ऋष्यादिन्यास –

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरय स्वाहा कुबेर ऋषये नमः शिरसि॥ –

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरय स्वाहा पंक्तिश्छंदसे नमः मुखे॥

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरय स्वाहा श्रीधनदा देवतायै नमः हृदये॥

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरयपूरय स्वाहा रं बीजाय नमः गुह्ये॥

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरय स्वाहा श्री शक्तये नमः पादयोः॥

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरय स्वाहा ह्रीं कीलकाय नमः नाभौ॥

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरय स्वाहा ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः विनियोगाय नमः सर्वांगे॥

करन्यास –

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरय स्वाहा अंगुष्ठाभ्यां नमः॥

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरय स्वाहा तर्जनीभ्यां नमः॥

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरय स्वाहा मध्यमाभ्यां नमः॥

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरय स्वाहा अनामिकाभ्यां नमः॥

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरय स्वहा कनिष्ठिकाभ्यां नमः ॥

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरय स्वाहा करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः॥

अंगन्यास –

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरय स्वाहा हृदयाय नमः॥

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरय स्वाहा शिरसि स्वाहा॥

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरय स्वाहा शिखायै वषट्॥

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरय स्वाहा कवचाय हुं॥

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरय स्वाहा नेत्रत्रयाय वौषट्॥

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरय स्वाहा अस्त्राय फट्॥

ऊपर दो प्रकार के न्यास दिए गए हैं,पहले वाले तीन न्यास शास्त्रीय न्यास हैं जिनका प्रयोग करके देखने पर कोई विशेष अनुकूलता प्राप्त नहीं हुयी है,किन्तु सिद्धिप्रद न्यास बिंदु का प्रयोग करके देखने पर पूर्ण सफलता की प्राप्ति हुयी है,ये बहुत ही गोपनीय विधान रहा है जिसका सदगुरुदेव ने क्रियात्मक ज्ञान देकर साधकों को पूर्ण सफलता प्रदान की अतः साधक इसी न्यास क्रम को संपन्न करे

तत्पश्चात हाथ जोड़कर देवी का ध्यान करे-

ध्यान –

कुंकुमोदरगर्भाभां किन्चित्यौवन शालिनीम्|

मृणालकोमलभुजां केयुरां गद्धूषितां||

नीलोत्पल दृशम् किन्चिदुद्यत्कुच विराजिताम्|

भजेऽहं भ्राम्यकमलवराभय समंविताम्||

रक्तवस्त्र परिधानाम् ताम्बूलाधर पल्लवाम |

हेम प्राकारमध्यस्थां रत्नसिंहासनोपरि ||

तत्पश्चात देवी का अंगपूजनकी क्रिया विशिष्ट उत्थापन न्यास मन्त्रों से संपन्न करें तत्पश्चात देवी को अभिषेक पात्र में अर्घ्य प्रदान करें और धेनु तथा योनि मुद्रा का प्रदर्शन करें इसके बाद निम्न मन्त्रों से मूल यन्त्र पर देवी का पूजन करें|

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरयधं ह्रीं श्रीं रतिप्रिये स्वाहा आसनार्थे पुष्पं समर्पयामि

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरयधं ह्रीं श्रीं रतिप्रिये स्वाहा अक्षत समर्पयामि

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरयधं ह्रीं श्रीं रतिप्रिये स्वाहापुष्पं समर्पयामि

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरयधं ह्रीं श्रीं रतिप्रिये स्वाहा धूपं दीपम दर्शयामि

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरयधं ह्रीं श्रीं रतिप्रिये स्वाहा केशर मिश्रित पायसान्नम(खीर) निवेदयामि

ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरयधं ह्रीं श्रीं रतिप्रिये स्वाहाताम्बूलं समर्पयामि

इसके बाद निम्न मन्त्रों से मूल यन्त्र पर मंडल पर लेपित चन्दन की बिंदी लगाएं-

ॐ महालक्ष्म्यै नमः महालक्ष्मीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः

ॐ पद्मायै नमः पद्माश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः

ॐ श्रियै नमः श्रीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः

ॐ हरिप्रियायै नमः हरिप्रियाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः

ॐ हरायै नमः हराश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः

ॐ पद्मप्रियायै नमः पद्मप्रियाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः

ॐ कमलायै नमः कमलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः

ॐ अब्जायै नमः अब्जाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः

ॐ चंचलायै नमः चंचलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः

ॐ लोलायै नमः लोलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः

तत्पश्चात **कामाक्षी माल्य** सेसर्वप्रथम "**ॐ भद्रेश्वर भद्रं पूरय पूरयस्वाहा**" मंत्र की 1माला मंत्र जप करे,इसी मंत्र को **मूल साधना मंत्र** के बाद भी 1 माला करना है | इसके बाद निम्न मूल मंत्र की51 माला मंत्र जप करें|

मंत्र-

ॐ धं ह्रीं श्रीं रतिप्रिये स्वाहा||

नित्य जप के बाद यदि हो सके तो धनदा कवच का 1 बार पाठ कर लिया करे और **योनि मुद्रा** के माध्यम से मन्त्र जप देवी के चरणों में समर्पित कर दिया करें | सातवें दिन मंत्र जप के बाद किसी ताम्र या मिटटी के हवं पात्र में लकड़ी प्रज्वलित कर88 कमलगट्टे के द्वारा मूल मंत्र से आहुति दे दें

यदि आप गोपनीय सूत्रों का प्रयोग करते हैं तो आप स्वयं ही इस साधना के द्वारा अपने जीवन में होने वले परिवर्तन को देखेंगे ही,साथ ही शक्ति का प्रत्यक्ष साहचर्य प्राप्त कर जीवन को पूर्णत्व पथ पर भी अग्रसर कर सकते हैं| प्रत्यक्षीकरण हेतु आप**शक्ति कीलन विधान** का प्रयोग अवश्य करें|

मनोवांछित अप्सरा सिद्धि प्रयोग

सौंदर्य एक ऐसा शब्द है,जिसे सुनते ही पूर्णत्व का बोध होने लगता है| हाँ हाँ पूर्णत्व का बोध...पूर्णत्व का अर्थ ही होता है....सम्पूर्णता प्रत्येक दृष्टि से..फिर वो चाहे भौतिक हो,मानसिक हो,आर्थिक हो,शारीरिक हो अथवा आध्यात्मिक हो | परन्तु जैसे सौंदर्य का पर्याय पूर्णत्व है,वैसे ही पूर्णत्व का पर्याय सौंदर्य ही है... और पूर्णत्व के लक्ष्य को सौंदर्य के पथ पर चले बगैर प्राप्त भी नहीं किया जा सकता है |

मैंने जो लिखा है वो कही से भी अतिशियोक्ति नहीं है,क्यूंकि क्या आपने कभी देखा है की जो पूर्ण होता है..उसकी पूर्णता से प्रस्फुटित संतुष्टी में कितना सौंदर्य समाया होता है| या ये कहा जाए की कभी आपने सौंदर्य को पूरी तरह निहारा है,बारीकी से उसका अवलोकन किया है....नहीं किया है......अजी तो ज़रा अवलोकन करके देखिये....निहारिए... और तब देखिये आपको पता चलेगा की वो सौंदर्य कैसे पूर्ण होने के अहसास से भरा हुआ है|तब ऐसे में ये समझना कठिन हो जाता है की सौंदर्य से पूर्णता उपज रही है या पूर्णता से सौंदर्य बिखर रहा है|

खैर कुछ भी हो जीवन का प्रत्येक पक्ष सौंदर्य से ही निखर कर पूर्णता पाता है...सौंदर्य का प्रधान गुण होता है आकर्षण....और जो आकर्षण क्षमता से युक्त होता है,वो बरबस ही किसी को भी अपनी ओर खींच सकता है...अपनी सफलता को भी | किन्तु सौंदर्य की परिभाषा स्त्री आर पुरुष के लिए भिन्न-भिन्न होती है | पुरुष के लिए सौंदर्य का अर्थ होता है ज्ञान,ऐश्वर्य,आच्छादित होने का गुण,आत्मविश्वास की प्रचुरता,परिस्थितियों को स्वानुकूल करने की कला,पूरी ऊँचाई,बलिष्ट स्कंध,चौड़ा वक्षस्थल,सिंहवत चाल और तीक्ष्ण दृष्टि,वाणी ऐसी की जो सुने वो बस उसके प्रभाव से बाहर ना निकल पाए|

और स्त्री के लिए आंतरिक सौंदर्य के साथ साथ बाह्य सौंदर्य का भी उतना ही महत्त्व है | गुलाब जैसा सुन्दर चेहरा,तीखी नजर,गुलाब की पंखुड़ी जैसे होंठ,कोमल त्वचा,उन्नत उभार,पतली कमर और भरे हुए नितंब,पतली उंगलियां,मधुर आवाज अर्थात

रूपवती होने की दृष्टि से जिसे पूर्ण कहा जाये बस वैसे ही सौंदर्य की मनोकामना स्त्री को होती है | और इन दोनों की प्राप्ति का मूल स्त्रोत अप्सरा साधना ही हो सकती है |

वैसे यक्षिणी साधना से भी सौंदर्य की प्राप्ति होती है किन्तु यक्षिणी साधना जहाँ पर एक सलोनापन देता है,वहीँ देव वर्ग से सम्बंधित होने के कारण अप्सराएँ अपने सतत साहचर्य से साधक के व्यक्तित्व में देवत्व के गुणों का समावेश करती रहती है| और साधना जगत का ये अनिवार्य नियम है की स्वयं के जीवन को बोझिलता से निकाल कर नवनिर्माण करने के लिए सौंदर्य साधना अनिवार्य ही होती हैं | मात्र शारीरिक तृप्ति के लिए इतनी उच्च साधनाओं को संपन्न करना जघन्यता ही कहा जा सकता है| सौंदर्य साधनाओं से भावनाओं की तीव्रता और प्रेम तत्व की प्राप्ति होती हैजिसके फलस्वरूप साधक का स्वयं की साधनाओं और अपने गुरु और मंत्र इष्ट के प्रति समर्पण बढ़ता चला जाता है| साधना करना तब ठूंठ की तरह बैठना ना होकर आनंद प्राप्ति का साधन हो जाता है| अप्सरा साधना साधक को लगातार आनंद भाव से युक्त कर देती है और इनका साहचर्य पुरुषों को पौरोषोचित सौंदर्य और स्त्रियों को सौंदर्य की परिभाषा से पूर्ण सौंदर्य युक्त कर देता है|

वैसे तो १०८ प्रकार की अप्सराओं काविवरण सिद्धाश्रम साधनाओं में आता हैऔर आप शायद इस तथ्य से अनभिज्ञ होंगे की सिद्धाश्रम प्राप्ति की साधनाओं में अप्सरा साधना का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है | उर्वशी,नाभिदर्शना,मेनका,रम्भा,तिलोत्तमा,शशिप्रभा आदि साधनाओं से साधक समाज परिचित ही है हमारे सामने दो विकल्प थे –

या तो हम इस लघु ग्रन्थ में कई अप्सराओं की प्रथक साधनाएं दें या फिर साधक को जो भी पसंद हो उस अप्सरा को सिद्ध करने की ही अति विशिष्ट साधना दे दी जाए | और बहुत विचार करने पर हमारा मत दूसरे विकल्प पर जाकर स्थिर हुआ| मनोवांछित अप्सरा की साधना सदगुरुदेव प्रदत्त अद्वितीय वरदान है साधक समाज के लिये | और अप्सरा साधना के लिए तत्पर साधकों को इसका प्रयोग अवश्य करना चाहिए,मात्र एक ही मंत्र और विधि...किन्तु अनेको अप्सराओं की सिद्धि के लिए गुप्त कुंजी युक्त

इस साधना के लिए **अप्सरा सिद्धि यन्त्र**,जो की या तो ताम्रपत्र पर अंकित हो या फिर रक्तचंदन से भोजपत्र पर अंकित यन्त्र(जिसकी प्राण-प्रतिष्ठा कर ली गयी हो),**अप्सरा यक्षिणी मंडल,सौंदर्य कंकण,इन्द्र गोलक** (जिसके निर्माण की विधि इसी ग्रन्थ में दी हुयी है)|

घृत दीप जिसमे गुलाब का इत्र डाल दिया जाए|

गुलाब अगरबत्ती|

गुलाब या मोगरा इत्र|

गुलाब की माला

विधि – ये साधना किसी भी शुक्रवार की मध्यरात्रि से प्रारंभ की जाती हैअतः साधना १०.३० बजे से प्रारंभ कर देना चाहिए|ये ११ दिन की साधना है | बाजोट पर गुलाबी वस्त्र बिछाकर जो भी महत्वपूर्ण सूत्र इस ग्रन्थ में आपको बतायेगए हैं,उनमे से अपने सामर्थ्यानुसार सूत्रों को संपन्न कर लेना चाहिए| गुरु पूजन और गणपति पूजन के बाद हाथ में जल लेकर संकल्प करना चाहिए की **'मैं अमुक गुरु का शिष्य जो अमुक गोत्र से सम्बंधित हूँ और मेरा नाम अमुक है अमुक अप्सरा की साधना(जिस भी अप्सरा की आप साधना करना चाहते हैं अमुक की जगह उसका नाम लें) संपन्न कर रहा हूँ मैं अमुक दिनों तक नित्य अमुक संख्या में माला जप करूंगा,हे गुरुदेव आप मुझे इस साधना को संपन्न करने की अनुमति और साधना में सफलता प्राप्ति का आशीर्वाद दें और मेरा संकल्प सिद्ध हो यही आशीर्वाद दें"** फिर सामने बाजोट पर सम्पूर्ण मंडल का स्थापन कर उस पर रक्तचंदन अथवा केसर मिश्रित सफ़ेद चन्दन का लेप कर देना चाहिए और मंडल के सामने **अप्सरा यन्त्र**जो

ताम्रपत्र पर निर्मित हो अथवा भोजपत्र पर रक्त चन्दन से बना हुआ तथा प्राण प्रतिष्ठित हो का स्थापन कर देना चाहिए | अब शिवशक्ति संस्कार संपन्न करने के बाद भैरव स्थापनउत्थापन और इन्द्र स्थापन व पूजन संपन्न कर लेना चाहिए|

शिवशक्ति संस्कार करते समय मंडल में अंकित **सिद्ध शिव कुबेर मंडल** से चन्दन ग्रहण करें और **सौंदर्य कंकण** पर तिलक करते हुए शिव का स्थापन करें|

यही क्रिया **इन्द्र पूजन** के समय भी करें |

जब आप अप्सरा का **अंगपूजन**उनके **विशिष्ट मातृका कला मंत्र से**करें तब **अप्सरा तंत्र प्रतीक** से चन्दन ग्रहण करके मूल यन्त्र पर बिंदी लगाएं|

जब आप **उत्थापन न्यास** कर रहे हों तब भी आप मंत्र का उच्चारण करते हुए**सौंदर्य मंडल** से चन्दन लेकर अपने अंगों में लगाएं |

आपने जिस मंडल की स्थापना की है वो विशिष्ट मन्त्रों और शक्ति से अनुप्राणित हैजब हम उस पर लेपित रक्तचंदन लेकर यन्त्र या स्वयं पर क्रिया करते हैं तो दोनों यंत्रों और साधक तथा साध्य के मध्य ऊर्जा सूत्र का निर्माण होता हैजो की साधना में सफलता के लिए अनिवार्य है

अब आप रक्तचंदन मिश्रित अक्षत को **अप्सरा यन्त्र** पर चढाते हुए निम्न मंत्र का उच्चारण करें,अर्थात एक बार मंत्र बोले एक बार अक्षत डालें,दूसरा मंत्र बोल कर दूसरी बार अक्षत डालें

ॐ सौंदर्यशक्तयै नम:

ॐ यौवनदात्रयै नम:

ॐऐश्वर्यप्रदायिने नम:

ॐदिव्य देहाय नम:

ॐ अप्सरायै नम:

ॐ सुगंधमोदिन्यै नम:

ॐ उर्वशी देव्यै नम:

ॐ अप्सरा शक्त्यै नम:

इसके बाद गुलाब पुष्पगुलाब इत्र,अगरबत्ती,दीपक,पान,खीर से अप्सरा का पूजन करें | गुलाब की माला समीप ही रखे रहिये साधना काल में जब भी अप्सरा का प्रत्यक्षीकरण होता है,तब अपनी माला पूर्ण करके उस अप्सरा को गुलाब की माला गले पहना दीजिए,वो आपको माला उतार कर आपके गलें में पहना देगी|जो इस बात का प्रतीक है की उसने आपका वरण कर लिया है,अब वो सदैव अप्रत्यक्ष रूप से आपके साथ रहेगी और जब भी आप चाहेंगे या उसका आवाहन करेंगे तब वो अपना प्रत्यक्ष साहचर्य आपको प्रदान करेगी | इस साधना में नित्य 51 माला मंत्र जप उस माला से किया जाता हैजो आपने स्वयं के लिए तैयार की है |इस मंत्र में **अप्सरा** के पहले आपको उस **अप्सरा का नाम** लेना है,जिसकी आप साधना करना चाहते हैं |

मनोवांछित अप्सरा सिद्धि मंत्र-

ॐ ह्रीं ह्रीं मम् मनोवांछितं....... अप्सरा सिद्धिं दर्शय प्रत्यक्षं भव ह्रीं फट्||

OM HREENG HREENG MAM MANOVAANCHHITAM....... APSARA SIDDHIM DARSHAY PRATYAKSHAM BHAV HREENG PHAT ||

यदि आप गोपनीय सूत्रों का प्रयोग करते हैं तो आप स्वयं ही इस साधना के द्वारा अपने जीवन में होने वाले परिवर्तन को देखेंगे ही,साथ ही अप्सरा का प्रत्यक्ष साहचर्य प्राप्त कर जीवन को पूर्णत्व पथ पर भी अग्रसर कर सकते हैं| यदि कभी साधना काल में अप्सरा का प्रत्यक्षीकरण ना हो पाए तो प्रत्यक्षीकरण हेतु आप **शक्ति कीलन विधान**और **इष्ट प्रत्यक्ष सिद्धि मंत्र** का प्रयोग अवश्य करें|

यन्त्र चित्र

Fig no 1::मणि भद्र प्रसन्न यन्त्र

Fig no 2:: क्रोध बीज युक्त आकाश मंडल यन्त्र

अप्सरा यन्त्र

Fig no -3 Apsara yantra

रतिप्रिया धनदा यक्षिणी यन्त्र

Fig no -4 Ratipriyaa dhanda ykshini yantra

अप्सरा/यक्षिणी यन्त्र,चित्र
अथवा मूल मंत्र
जैसे यहाँ पर धनदा मंत्र द्वारा
कीलन किया है मतलब इस
जगह पर बीच में धनदा मंत्र
लिखा गया था

Fig no 5..shakti keelan yantra

साधना काल मे साधक के सामने साधना सामग्री को प्रदर्शित करता यह चित्र की किस सामग्री को कहाँ पर होना चाहिए .

Fig no 6 – position of al l the sadhana article while doing sadhana

कठिन शब्द अर्थ

अप्सरा – देव वर्ग से सबंधित एक अति सौन्दर्यशाली सूक्ष्म देह धारी नारी

यक्षिणी – यक्ष वर्ग की सौंदर्य शाली एक सूक्ष्म देह धारी नारी

साधना – एक निश्चित क्रम पद्धिति अनुसार निश्चित दिन तक एक निश्चित नियमों का पालन करते हुये मंत्र जप

सदगुरुदेव – यह शब्द इस पुस्तक मे परमहंस स्वामी श्री निखिलेश्वरानंद जी (डा श्री नारायण दत्त श्रीमाली जी)के लिए उपयोगित हुआ हैं

मन्त्र – विशिष्ट अक्षरों से संयुक्त एक वाक्य जिसका अर्थ बहुत ही गहन और रहस्यमय तथा सूक्ष्म जगत से संपर्क मे सहायक

तंत्र – एक सुव्यवस्थित प्रणाली ,सामन्यतः मंत्र का एक निश्चित नियमनुसार और निश्चित पद्धिति के अनुसार जप की एक विधा जो तीव्रतम और निश्चित परिणाम देने मे समर्थ हैं .पर यह सावधानी भी अपेक्षित करती हैं .

यन्त्र – देव शक्तियां और उसके समस्त सहयोगी देव वर्गऔर उपवर्ग का प्रदर्शित करने वाला एक ज्यामितीय रेखांकन जो अपने आप मे उन सभी प्रतिनिधित्व ही नही बल्कि उन्ही का जीवित स्वरुप सा होता हैं .

मांत्रोक्त प्रक्रिया – मंत्रात्मक प्रक्रिया जो एक निश्चित परिणाम दें मे समर्थ तो हैं पर कितना समय लगेगा यह कह पाना और की इच्छित परिणाम ही प्राप्त होगा .थोडा संशय की स्थिति होती हैं .

तांत्रोक्त प्रक्रिया -यह प्रक्रिया निश्चित परिणाम वह भी पूरी निश्चितता के साथ देने मे समर्थ हैं पर अत्यधिक सावधानी और बल साहस और आत्मबल की अपेक्षा करती हैं .इसमें साधक का आत्म बल और सदगुरुदेव पर उसकी श्रद्धा और समर्पण मुख्य मूमिका निभाता हैं.

दक्षिण मार्ग-.साधना फिर वह चाहे सौम्य हो या उग्र पर उसके विधान आज की नैतिक और सामाजिक स्थिति के परिपेक्ष मे शुद्धता और सात्विकता से युक्त जहाँ शुचिताऔर शुद्धता का अपना ही स्थान होता हैं .

वाम मार्ग -मुख्यता अत्यंत ही खतरों से भरा औरअत्यंत तीव्रगति से गतिशील पर जहाँ पग पग पर पतन और हानि की सम्भावनाये कहीं आधिक और पञ्च मकरो का सेवन युक्त मार्ग .जो केबल इस मार्ग के अति योग्य आधिकारियों के लिए ही उचित हैं .

पञ्च मकार – मद्य , मांस मत्स्य ,मैथुन, मुद्रा साधारणतः रूप मे प्रतीक रूप मे वर्णित किये गए हैं .पर कुछ सम्प्रदाय मे ठीक उसी रूप मे उपयोगित होते हैं जो लिखा हैं पर हर पदार्थ का विधिवत शोधन होता हैं यह तथ्य बहुत कम को ज्ञात हैं.

मुद्राये -देव वर्ग से वार्तालाप करने की एक अद्भुत् प्रणाली.जिसको जानकर और साधना मे उचित जगह पर उपयोग करने से सफलता मानो सुनिश्चित सी हो जाती हैं .सारा पूजन विधान और सारी तांत्रिक क्रियाए केबल इसके माध्यम से भी पूर्ण हो सकती हैं एक अत्यंत ही रहस्यमय विधान

पंच भुतात्मकपांच महाभूत जिनसे यह सारा विश्व निर्मित हैं अग्नि ,जल ,वायु ,आकाश ,भू

चतुर्थ भुतात्मक- अग्नि, जल, वायु , आकाश ...इनमे भू तत्व नही होता हैं.

माला –जप माला जिसके माध्यम से किये गए जप का गिनना संभव हो पाता हैं साधरणतः 108 दाने की होती हैं पर गिनते समय इसे मात्र सौ दानो की ही माना जाता हैं शेष 8 दानो भूल चूक आदि के लिए होते हैं.अर्थात लगभग १०० दाने कम से कम तो होना ही चाहिए .

दिशा – यूँ तो चार ही दिशाओ का ज्ञान होता हैं पर इन चारो दिशाओ को विभाजित कर चार और दिशाए तथा ऊपर और नीचे की दिशा गिनने पर दस दिशाए मानी गयी हैं . और एक निश्चित दिशा मे एक निश्चित ऊर्जा का प्रवाह होता हैं अतः साधक का साधना मे निर्देशित दिशा की ओर मुख करने पर साधना मे सफलता कई कई गुण और बढ़ जाती हैं.

आसन –साधारणत: उनी कम्बल का आसन जो साधक को सीधे जमीन से बैठने को रोके और उनके मेरुदंड का निचला हिस्सा सीधे पृथ्वी के संपर्क मे आने से रोके.इस पर बैठ कर साधना करना एक अनिवार्य तत्व हैं जब तक कुछ ओर विशेष निर्देशित न किया गया हो .

रंग- रंग का साधना सफलता मे बहुत योगदान रहता हैं पुरुष को बिना सिले वस्त्र जिस रंग के किसी साधना मे निर्देशित किये गए हैं उसको पहिनना चहिये इसमें एक बिना सिली धोती और ऊपर एक उसी रंग की चादर का होना एक आवश्यकअंग हैं पर महिला साधिका अपने पुरे वस्त्र पहिन सकती हैं उसके लिए ये नियम नही हैं पर उन्हें सारे वस्त्र उसी रंग साधना मे निर्देशित रंग के ही होना चहिये .

वर्जित समय –महिला साधिकाओ को हर मास मे आने वाले विशेष दिन जैसे ही चालू हो ,अगर वह अपनी साधना मे हैं तो तत्काल अपनी साधना रोक दे और जितने भी दिन उनके यहाँ आवश्यक माने जाते हैं उतने दिन होने के बाद अपने सिर के बाल धोकर स्नान कर पुनः साधना को आगे करें ऐसे मानो की कोई व्यवधान आया ही नही .मतलब इन दिनों का कोई प्रभाव नही माना जायेगा .या यूँ कहूँ पहले वह दस दिन की साधना कर चुकी थी और यह विशेष दिन चालू हो गए तो मानलो पांच दिन बाद शुद्धता मानी जाती हैं तो छठवे दिन सिर के बाल खोल कर स्नान कर जब वह साधना करेंगी तो वह 11 वान दिन माना जायेगा .

दीक्षा – तन्त्र या मंत्र दोनों मे ही सदगुरुदेव तत्व का स्थान सर्वोपरि हैं . उनके विधिवत दीक्षा लेकर ही इस मे प्रवेश करना चाहिये .आप जहां भी योग्य व्यक्तित्व जिन पर आपको पूर्ण विश्वास और जो आपको मान्यताओ पर खरे उतर रहे हो , दीक्षा प्राप्त करें या तंत्र कौमुदी के अष्टम अंक मे एक साधना दी हुयी हैं उसके अनुसार साधना करके आप सदगुरुदेव जी से दीक्षा प्राप्त कर सकते हैं , हालाकि यह स्वप्न या भावावस्था मे ही संभव हो पायेगी .

सिद्धाश्रम -हिमालय मे स्थित अति गोपनीय स्थान पर निर्मित यह अदृश्य आश्रम जहाँ पर जाना संभव नही हैं न ही जिसे साधारण चर्म चक्षुओ से देखा जाना संभव हैं,जहां पर आज भी महाभारत कालीन योगी और हज़ारो वर्ष आयु प्राप्त योगी निवासरत/साधना रत हैं ,जिनका उल्लेख कई कई बार आया हैं.इस आश्रम का उल्लेख तो ऋग्वेद और वाल्मीकि रामायण तक मे आया हुआ

संकल्प -प्रत्येक साधना के प्रारंभ मे किया जाना वाला एक अति आवश्यक विधान .जिससे साधक की सारी साधना काल मे की जाने वाली मंत्र जाप की ऊर्जा किस कार्य हेतु लगना हैं उसका स्पस्ट उल्लेख इसमें रखता हैं.इसमें जहाँ अमुक लिखा रहता हैं वह अपना या अन्य किसी का या अन्य निर्देशित बात का उल्लेख करना आवश्यक होता हैं.

जप समर्पण -हर साधना मे मंत्र जप के बाद की जाने वाली आवश्यक प्रक्रिया,,जिसके न किये जाने पर व्यर्थ मे साधक का अहम भाव बढ़ता हैं .और सफलता प्राप्ति मे देरी होती हैं.

रस युक्तता, प्रसन्नता, उत्साह, उमंग, स्नेह का समावेश एक पूर्ण संतुलित जीवन का अनिवार्य अंग है पर आज के आधुनिक जीवन में ये शब्द अर्थहीन से हो गए हैं, नीरस जीवन और सूखे हुये पेड़ में कोई अंतर नहीं, सौंदर्य साधना जिन्हें अप्सरा और यक्षिणी साधना भी कहा जाता है. उनको सिद्ध करना तो जीवन का गौरव है, जीवन की श्रेष्ठता है, जीवन का एक अर्थ है, आध्यात्म और साधना मार्ग में उन्नति के द्वार खोलना है, अपने भाग्य का मानो स्वयम निर्माण कर, जीवन में वह सब कुछ प्राप्त कर लेना, जो कि जीवन का हेतु है, लक्ष्य है. जीवन के चार आवश्यक पुरुषार्थों में से मर्यादित काम और अर्थ की पूर्णता तो सिर्फ अप्सरा और यक्षिणी साधना के माध्यम से ही संभव है, यद्यपि आज एक सामान्य व्यक्ति का मानस इन साधनाओं को हेय दृष्टि से, काम भाव प्रवर्धन की दृष्टि से देखता है, और आशंका ग्रस्त होता है कि कहीं ये उसको अपने वश में कर लेगी और उसका जीवन को निस्तेज बना कर, नष्ट करके ही छोड़ेगी. पर यह सब निराधार है सदगुरुदेव जी ने अनेकों बार यह समझाया कि जिस तरह जगदम्बा साधना है, महाविद्या साधना है, ये भी ठीक उसी तरह की, एक उच्चस्तरीय साधना है अगर साधक इन साधना के प्रति एक स्वस्थ चिंतन और भाव रख कर साधना करता है, पर इन साधनाओं के सूत्र और गोपनीय मंत्रात्मक, तंत्रात्मक विधान कहीं उल्लेखित नहीं है, न कोई इन गुप्त सूत्रों, अत्यंत आवश्यक विधानों, दुर्लभ तंत्र मुद्रायें पर कुछ भी कहने को तैयार होता है, इसके पीछे अनेक ज्ञात और अज्ञात कारण हो सकते हैं, इन सब अत्यंत दुर्लभ विधान के ज्ञात न होने के कारण साधकों को इन साधना में सफलता नहीं मिल पाती है ।

NPRU और तंत्र कौमुदी की ओर से प्रस्तुत ग्रन्थ इसी कमी को पूरा करने का एक ठोस प्रयास है।

प्रकाशक : NPRU Publication

****** Nikhil Para Science Research Unit ******

Yashika Offset # : 9755537042